आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 05 सितंबर 2025 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष -41 ■ अंक-159 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 06 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


### शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए रोल मॉडल होते हैं : राज्यपाल रामेन डेका

# शिक्षा के बिना जीवन अधूरा : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर 5 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम् में आयोजित गरिमामय समारोह में वर्ष 2024 के उत्कृष्ट शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया। समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने वर्ष 2024 के लिए सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रदेश के 64 शिक्षकों को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने राज्य शिक्षक सम्मान वर्ष 2025 के लिए चयनित 64 शिक्षकों के नामों की भी घोषणा की। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री रमेन डेका ने सर्वप्रथम भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति, महान दार्शानिक और प्रख्यात शिक्षाविद् डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को उनकी जयंती पर नमन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए रोल मॉडल होता है। बेहतर शिक्षक एक जिम्मेदार नागरिक तैयार करने में महती भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन के प्रेरणास्त्रोत होते है। उनके विकास में शिक्षकों की बहुत बड़ी भूमिका है। आज का जीवन सरल नहीं है। गिरकर खड़े होना और जीवन की चुनौतियों का सामना कैसे किया जाए यह विद्यार्थियों को सीखाना चाहिए। श्री डेका ने कहा कि शिक्षक ऐसा पढ़ाएं जिससे बच्चे स्कूलों की ओर आकर्षित हो। स्कूल भवन नहीं बल्कि उसके अंदर क्या पढ़ा रहे है ये महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्राचीन भारत की गुरूकुल परंपरा को श्रेष्ठ बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक गेम चेन्जर है। इस नीति के अनुरूप बच्चों को शिक्षा मिले यह शिक्षकों की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है, जिसका मूल उद्देश्य यही है कि शिक्षा अधिक व्यवहारिक, कौशल आधारित और सर्वांगीण बनाया जाए। इस नीति में विशेष बल मातृभाषा में शिक्षा पर दिया गया है। बालक को उसकी मातृभाषा में शिक्षा देने से वह अधिक रूचि तथा सहजता के साथ शिक्षा ग्रहण करता है।




समारोह की अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि शिक्षक ही सच्चे राष्ट्र निर्माता होते हैं। वे देश को ऐसे राष्ट्रभक्त नागरिक देते हैं, जो आगे चलकर समाज और राष्ट्र की उन्नति में योगदान देते हैं। जिस प्रकार दीपक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है, उसी प्रकार शिक्षक भी अनेक कठिनाइयों के बावजूद ज्ञान का उजाला फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा है और इस रजत जयंती वर्ष में प्रदेश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। शिक्षा विकास का मूलमंत्र है और इसके बिना जीवन अधूरा है। पिछले वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में भी व्यापक विस्तार हुआ है। आज प्रदेश में 20 से अधिक विश्वविद्यालय, 15 से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएम, एम्स तथा लॉ विश्वविद्यालय स्थापित हैं।

श्री साय ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर बच्चे को आसानी से शिक्षा उपलब्ध हो। इसी दृष्टि से प्रत्येक 1 किलोमीटर पर प्राथमिक विद्यालय, 3 से 4 किलोमीटर पर माध्यमिक विद्यालय, 6 से 7 किलोमीटर पर हाई स्कूल, 8 से 10 किलोमीटर पर हायर सेकेंडरी विद्यालय और प्रत्येक विकासखंड में महाविद्यालय खोले जा रहे हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग के नवाचारी पहल पर भी अपने विचार साझा किए। समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से प्रदेश में शिक्षा का स्तर आने वाले समय में और बेहतर होगा। उन्होंने आगामी वर्ष के लिए राज्य शिक्षक सम्मान के लिए चयनित शिक्षकों के नामों की घोषणा की।

राज्यस्तरीय समारोह में चार उत्कृष्ट शिक्षकों सूरजपुर जिले के श्री अजय कुमार चतुर्वेदी को डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्मृति पुरस्कार, कबीरधाम जिले के श्री रमेश कुमार चंद्रवंशी को श्री गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की श्रीमती सुनीता यादव को डॉ. मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरूस्कार और रायगढ़ जिले के श्री भोजराम पटेल को डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी तरह प्रधान पाठक, व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी., शिक्षक एल.बी., सहायक शिक्षक, सहायक शिक्षक एल.बी वर्ग के 64 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने स्वागत उद्बोधन दिया। आभार प्रदर्शन संचालक लोक शिक्षण श्री ऋतुराज रघुवंशी ने किया। समारोह में राज्य की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी, विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा, राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक श्री संजीव झा सहित स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक उपस्थित थे।

## संक्षेप

### फूल तोड़ने तालाब में उतरे सीएसवीटीयू के डिप्टी-रजिस्ट्रार की मौत

**दुर्ग-भिलाई,5सितंबर।** भिलाई के सीएसवीटीयू (छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय) के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. भास्कर चंद्राकर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वो फूल तोड़ने तालाब में उतरे थे। लेकिन बाहर नहीं निकल सके। जबकि उनको तैरना भी आता था। यह घटना उतई थाना क्षेत्र पतोरा गांव स्थित तालाब की है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रोफेसर कमल का फूल तोड़ने अंदर गए थे। लेकिन कमल की शाखाओं में उनका पैर फंस गया। इसकी वजह से वो वापस नहीं निकल सके। इसके बाद ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला और पास के ही एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए। लेकिन वहां के डॉक्टरों ने उन्हें सेक्टर-9 ले जाने की सलाह दी। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### तेवाड़ा सीमा पर मुठभेड़ जारी, कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर

**नारायणपुर,5 सितंबर।** बस्तर में एक बार फिर सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. सूत्रों के हवाले से मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है. हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है. नक्सलियों की मीटिंग और जमावड़े की सूचना पर सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन लांच किया है.

### सिद्धिविनायक के भक्तों के लिए बड़ी खुशखबरी

**मुंबई ,5 सितंबर ।** करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र, मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर का जल्द ही विस्तार किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट ने इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए 100 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिसके तहत मंदिर के बगल में स्थित एक पुरानी इमारत को खरीदा जाएगा ताकि भक्तों के लिए बेहतर सुविधाएं जुटाई जा सकें। मंदिर का प्रबंधन देख रहे ट्रस्ट के अध्यक्ष और पूर्व विधायक सदा सरवनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर के ठीक बगल में स्थित 708 वर्ग मीटर के प्लॉट पर बनी तीन मंजिला 'राम मैंसन इमारत को खरीदने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसके अलावा, ट्रस्ट की ही जमीन पर बनी सिद्धिविनायक कॉपरेटिव हाउसिंग सोसायटी से भी जमीन लेने की योजना है। दोनों प्लॉटों के मिल जाने से मंदिर के पास विस्तार के लिए करीब 1800 वर्ग मीटर की अतिरिक्त जगह उपलब्ध हो जाएगी। सदा सरवनकर ने बताया कि जगह की कमी के कारण भक्तों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, यह देखकर बहुत बुरा लगता है जब दर्शन के लिए भक्तों को सड़क तक लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है। मंदिर परिसर में शौचालय तक नहीं हैं, जिसके लिए लोगों को सामने स्थित पेट्रोल पंप पर निर्भर रहना पड़ता है।

### अनिल अंबानी को एक और झटका

**नई दिल्ली ,5 सितंबर ।** कर्ज में डूबी रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) और उसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने कंपनी के ऋण खातों को 'धोखाधड़ी (फ्रॉड) की श्रेणी में डाल दिया है। यह कार्रवाई उन कर्जों से संबंधित है जो कंपनी के दिवाला समाधान प्रक्रिया में जाने से पहले लिए गए थे।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने शुक्रवार को स्टॉक एक्सचेंज को यह जानकारी दी।

## ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायी : मुख्यमंत्री

**रायपुर, 5 सितंबर** .मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज शिक्षक दिवस के विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री निवास परिसर से स्कूली बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरूकता के लिए मिशन अंतरिक्ष और प्रोजेक्ट जय विज्ञान अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला प्रशासन रायपुर और इग्नाइटिंग ड्रीम्स ऑफ यंग माइंड फाउंडेशन तथा जिला प्रशासन रायपुर और विज्ञान भारती के मध्य दो महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनसे बच्चों को अंतरिक्ष से जुड़े विषयों की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों की ओर से ग्रुप कैप्टन श्री शुभांशु शुक्ला को उनकी सफल अंतरिक्ष यात्रा के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनका अभिनंदन किया। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को नमन करते हुए सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिला प्रशासन की इस विशेष पहल की सराहना करते हुए कहा कि इन समझौतों का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और विज्ञान के प्रति जिज्ञासा एवं उत्साह को बढ़ाना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक सोच है। विज्ञान प्रश्न पूछने और तर्क करने की शक्ति और समस्याओं का समाधान खोजने की क्षमता प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रोजेक्ट जय विज्ञान के अंतर्गत आयोजित कार्यशालाएं, विज्ञान प्रदर्शनियाँ, प्रतियोगिताएँ और नवाचारी परियोजनाएँ विद्यार्थियों को नई चीजें सीखने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर देंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से छत्तीसगढ़ के बच्चे केवल ज्ञान के उपभोक्ता नहीं, बल्कि नए विचारों और खोजों के सृजनकर्ता बनेंगे। यही आत्मनिर्भर भारत और विज्ञान-आधारित समाज की सच्ची नींव है। मुख्यमंत्री ने बच्चों से आह्वान किया कि वे श्री शुभांशु शुक्ला से प्रेरणा लेकर अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ें और अपना तथा देश का नाम ऊँचा करें।





## पंजाब में बाढ़ ,43 लोगों की मौत

**पंजाब,5 सितंबर।** पंजाब में जारी बाढ़ आपदा ने 14 ज़िलों में अब तक 43 लोगों की जान ले ली है, जबकि पठानकोट में तीन लोग लापता हैं। 1.71 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि पर खड़ी फ़सलें नष्ट हो गई हैं, जिससे राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था तबाह हो गई है। बाढ़ ने 23 ज़िलों के 1,902 गाँवों को जलमग्न कर दिया है, जिससे 3.84 लाख से ज़्यादा निवासी प्रभावित हुए हैं। आपदा मोचन बलों और स्थानीय प्रशासन ने लगभग 21,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने पंजाब के बाढ़ राहत कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये देने का वादा किया है। इसके लिए उन्होंने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत आवंटित राशि और अपने निजी योगदान से धन जुटाया है। साहनी ने घोषणा की कि इस राशि का एक हिस्सा उन्नत बचाव नौकाओं, आधुनिक गाद निकालने वाली मशीनों और भविष्य में आने वाली आपदाओं से संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए तटबंधों के निर्माण पर खर्च किया जाएगा। अपने गैर-सरकारी संगठन, सन फ़ाउंडेशन के माध्यम से, साहनी पहले ही मोटरबोट, एम्बुलेंस, सूखा राशन किट, चिकित्सा आपूर्ति, स्वच्छता सामग्री और पशुओं के चारे पर 1 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर चुके हैं। उन्होंने अगले बुवाई चक्र के लिए सीमांत किसानों को उर्वरक, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। केंद्रीय सहायता का आग्रह करते हुए, साहनी ने 10,000 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की मांग की, जिसमें फसल नुकसान का सामना कर रहे किसानों के लिए 50,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजे के साथ-साथ दिहाड़ी मजदूरों और पशुपालकों के लिए आर्थिक सहायता का प्रस्ताव रखा गया।



पंजाब में प्रशासन हाई अलर्ट पर है क्योंकि भाखड़ा बांध का जलस्तर 1,679 फीट तक पहुँच गया है, जो इसकी अधिकतम क्षमता से केवल एक फीट कम है। पानी का प्रवाह बढ़ने के साथ, रूपनगर प्रशासन ने सतलुज नदी के आसपास के निवासियों को अलर्ट जारी किया है और तुरंत सुरक्षित क्षेत्रों और राहत शिविरों में जाने का आग्रह किया है। पौंग बांध भी अपनी क्षमता से अधिक हो गया है, जहाँ जलप्रवाह 1.32 लाख क्यूसेक तक पहुँच गया है, जिससे बड़ी मात्रा में पानी छोड़ना पड़ा है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भाखड़ा से पानी का बहाव 80,000-85,000 क्यूसेक तक बढ़ सकता है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है।

## आसमान में बंद हो गया विमान का इंजन

**इंदौर,5 सितंबर।** दिल्ली से इंदौर के लिए उड़े एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। 161 यात्रियों को लेकर राजधानी से इंदौर पहुंचे विमान का हवा में ही एक इंजन बंद हो गया। एक इंजन में तकनीकी खराबी का पता लगते ही पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को PAN-PAN संदेश भेजा। अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे पर विमान को सुरक्षित तरीके से उतार लिया गया और सभी ने राहत की सांस ली। हालांकि, विमानन कंपनी ने इसे इमरजेंसी लैंडिंग मानने से इनकार किया है। हवाई अड्डे के डायरेक्टर विपिनकांत सेठ ने बताया, 'एयर इंडिया एक्सप्रेस के दिल्ली से इंदौर आ रहे विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी की सूचना मिलने पर हमने तमाम एहतियात बरतते हुए इस वायुयान को इंदौर के हवाई अड्डे पर सुबह 09:55 बजे उतारा। निर्धारित समय के मुताबिक इस विमान को सुबह 09:35 बजे इंदौर हवाई अड्डे पर उतरना था।' उन्होंने बताया कि उड़ान संख्या आईएक्स 1028 वाले इस विमान का चालक दल और इसमें सवार सभी 161 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। सेठ ने बताया कि विमान के पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को 'PAN-PAN' संकेत भेजा जिसके बाद मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत हवाई अड्डे पर अग्निशमन और चिकित्सा के इंतजाम किए गए। 'PAN-PAN', अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य संकेत है जिसका इस्तेमाल समुद्री और हवाई रेडियो संचार में किया जाता है। विमानन क्षेत्र में इसका मतलब होता है कि स्थिति गंभीर है और तुरंत मदद की जरूरत है, लेकिन यह स्थिति विमान में सवार लोगों की जिंदगी पर सीधे खतरे से नहीं जुड़ी है। जब कोई पायलट 'PAN-PAN' संकेत भेजता है, तो इसका मतलब होता है कि चालक दल को एटीसी या 'ग्राउंड सर्विस' से तुरंत मदद चाहिए।वहीं, एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा कि यह इमरजेंसी लैंडिंग नहीं थी, बल्कि पायलट ने एटीसी से प्राथमिकता के आधार पर लैंडिंग की इजाजत मांगी थी।

## ट्रंप ने 10% टैरिफ घटाया, भारत को भी मिलेगी राहत

**वाशिंगटन,5 सितंबर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनियाभर में टैरिफ बम फोड़कर सभी को बेचैन कर दिया। लेकिन ट्रंप अब इसी अपने फैसले को लेकर यू-टर्न लेते नजर आ रहे हैं। अपने ही देश में घिर चुके डोनाल्ड ट्रंप अब धीरे धीरे अपने फैसले से पीछे हट रहे हैं। हालांकि ट्रंप वजह अपनी दे रहे हैं। लेकिन फिर भी पूरी दुनिया के सामने इसे यू टर्न ही माना जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान को लेकर बड़ा ऐलान किया है। जिस बीच भारत और जापान एक दूसरे के और करीब आ रहे थे। अपनी साझेदारी को बढ़ा रहे थे। उस समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान पर लगाए गए टैरिफ को घटा दिया है। जानकारी के अनुसार अमेरिका और जापान के बीच व्यापार समझौता हुआ है। जिसके लिए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस समझौते को ट्रंप ने अमेरिका जापान व्यापार संबंधों के एक नए युग की शुरुआत बताया है।



ट्रंप ने अपने आदेश में अमेरिका में आने वाले करीब सभी जापानी आयातों पर 15 फीसदी का बेस लाइन टैरिफ लगाया गया है। जबकि ऑटोमोबाइल और ऑटोपार्ट्स, एयरोस्पेस उत्पाद, जेनरिक दवाएं, घरेलू स्तर पर उपलब्ध न होने वाले प्राकृतिक संसाधनों को सेक्टर स्पेसिफिक छूट दी गई है। यानी जापान को बड़ी राहत इस समय अमेरिका ने दी है। वो अमेरिका जिसने कुछ ही दिनों पहले जापान पर 25 फीसदी का टैरिफ लगाया था। बता दें कि शुरुआती दौर में राष्ट्रपति ट्रंप ने जापान और साउथ कोरिया पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। हालांकि भारत पर जापान और साउथ कोरिया की तरफ 25 फीसदी टैरिफ के अलावा अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ भी लगाया गया है क्योंकि भारत रूस से तेल खरीदता है। लेकिन जो बेस लाइन टैरिफ है वो जापान और साउथ कोरिया की ही तरह 25 फीसदी था। बीच में ट्रेड डील पर अमेरिका और जापान के बीच बात अटक गई थी। लेकिन अब दोनों देशों के बीच ट्रेड डील हो गई है।

## भारत से दोस्ती होते ही चीन ने पाकिस्तान पर फोड़ा बम

**नईदिल्ली,5 सितंबर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में एससीओ समिट में हिस्सा लेने के लिए चीन पहुंचे थे। यहां पर उनकी मुलाकात चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हुई थी। भारत और चीन ने दुनिया के बाकी देशों को मैसेज दिया कि अगर अपने आप को सुपरपावर समझने वाले देश आंख दिखाने की कोशिश करेंगे तो इन दोनों ही देशों के पास विकल्प खुले हैं। भारत के पास अपने सामान को बेचने के लिए बाजार ढूढ़ने का विकल्प है तो चीन के पास अपने सामान खरीदने का और बाजारों के रास्ते खोलने का विकल्प है। चीन और भारत आपस में बड़ी डील कर लेंगे लेकिन अमेरिका का क्या होगा? यही मैसेज देने की कोशिश की गई। रही सही कसर रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पूरी कर दी। एससीओ समिट से आई वो तस्वीर जिसमें शी जिनपिंग, व्लादिमीर पुतिन और नरेंद्र मोदी हंसते-खिलखिलाते हुए नजर आए थे। इसके अलावा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अलग थलग पड़े हुए नजर आए थे। पाकिस्तान जो चीन की कठपुतली माना जाता है। मदद पड़ने पर चीन की तरफ मुंह उठाकर देखता है। चीन भी उसकी मदद करता है। चीन पाकिस्तान का सबसे अच्छा दोस्त माना जाता रहा है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से दोनों देशों के बीच रिश्ते सामान्य नहीं लग रहे हैं। ऐसा लगता है कि चीन पाकिस्तान से अपना पीछा छुड़ाना चाहता है। वहीं पाकिस्तान भी अब भीख मांगने के लिए दूसरे देनदारों की तरफ नजरें गड़ाए बैठा है। खबरों के अनुसार पाकिस्तान ने अपने पुराने रेलवे नेटवर्क के एडवांसमेंट के लिए चीन की बजाए एशियाई विकास बैंक यानी एडीबी से मदद लेने का फैसला किया है। पाकिस्तान ने एडीबी से दो अरब डॉलर का लोन करांची रोड़ी रेलवे सेक्शन को बेहतर बनाने के लिए मांगा है। ये वहीं एमएल1 परियोजना है जो कभी पाकिस्तान चीन आर्थिक गलियारा याना सीपीईसी की सबसे बड़ी और महत्वकांक्षी योजना थी। एक वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी ने निक्केई एशिया को बताया कि एडीबी मेन लाइन-1 (एमएल-1) रेलवे के 480 किलोमीटर लंबे कराची-रोहड़ी खंड के उन्नयन के लिए 2 अरब डॉलर का ऋण देने वाला है। 6.7 अरब डॉलर की कुल लागत के साथ, एमएल-1, 50 अरब डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का सबसे बड़ा घटक है, जिसे कराची और पेशावर के बीच 1,726 किलोमीटर लंबे ट्रैक के आधुनिकीकरण के लिए डिज़ाइन किया गया है। अगर इसे मंजूरी मिल जाती है, तो यह पहली बार होगा जब पाकिस्तान में किसी प्रमुख बेल्ट एंड रोड परियोजना का वित्तपोषण चीन के बजाय किसी बहुपक्षीय ऋणदाता द्वारा किया जाएगा।

एडीबी ऋण अस्थायी बाजार दर पर मिलेगा, जो सीपीईसी के तहत बीजिंग द्वारा पहले दी गई रियायती शर्तों के विपरीत है। चीन का यह कदम पाकिस्तान द्वारा चीनी बिजली उत्पादकों को 1.5 अरब डॉलर के बकाया भुगतान और 2021 से 21 चीनी नागरिकों की हत्या के बाद बढ़े सुरक्षा जोखिमों को लेकर बढ़ती बेचैनी के बीच उठाया गया है। निक्केई एशिया ने पाकिस्तान क्षेत्रीय आर्थिक मंच के अध्यक्ष हारून शरीफ के हवाले से कहा कि जब चीन ने [एमएल-1] की वित्तीय स्थिति, अपेक्षित रिटर्न और [बिजली] भुगतान में पाकिस्तान की समस्याओं की समीक्षा की, तो उसने इस परियोजना के लिए धन न देने का फैसला किया। विशेषज्ञों ने परियोजना लागत और डिज़ाइन में बार-बार संशोधन की ओर भी इशारा किया, जिसकी शुरुआत 6.8 अरब डॉलर से हुई और 2022 में लगभग 10 अरब डॉलर हो गई, और फिर इसे घटाकर 6.7 अरब डॉलर कर दिया गया, जो चीन की अनिच्छा का एक और कारण था। एडीबी के हस्तक्षेप के साथ, इस परियोजना में खुली बोली और सख्त खरीद मानदंड शामिल होंगे, जबकि पहले सीपीईसी परियोजनाओं को बड़े पैमाने पर चीनी ठेकेदारों को सौंपा गया था।

### भगोड़े हर्षित बाबूलाल जैन को यूएई से लाया गया वापस

**नई दिल्ली ,5 सितंबर ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गुजरात पुलिस, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर बड़ी सफलता हासिल की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यूएई से वांछित भगोड़े हर्षित बाबूलाल जैन का प्रत्यर्पण किया।टैक्स चोरी, अवैध जुआ और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में हर्षित बाबूलाल जैन वांछित है। इससे पहले सीबीआई ने गुजरात पुलिस के अनुरोध पर 9 अगस्त 2023 को इंटरपोल के माध्यम से हर्षित बाबूलाल जैन के खिलाफ इंटरपोल से रेड नोटिस जारी करवाया था। आरोपी को यूएई से भारत लाया गया और अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार को उसे गुजरात पुलिस को सौंप दिया गया।

## एक नजर

### कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**धमतरी, 5 सितंबर ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने बुधवार को कुरूद एवं मगरलोड क्षेत्र का दौरा कर वहाँ चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों, चिन्हित स्थलों और विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने मगरलोड स्थित पुस्तकालय (लाइब्रेरी) भवन का अवलोकन किया और निर्माण की गुणवत्ता का जायजा लिया।इसके उपरांत उन्होंने जनपद कार्यालय के सभा कक्ष में विकासखंड अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें सभी विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सबसे पहले ÷आदि कर्मयोगी अभियान÷ की प्रगति पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने मास्टर ट्रेनरों से प्रशिक्षण की जानकारी लेते हुए कहा कि यह अभियान केवल प्रशासनिक प्रक्रिया भर नहीं है, बल्कि आदिवासी अंचलों में विकास की रोशनी पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है। जब शासन की योजनाएँ पारदर्शी तरीके से आमजन तक पहुँचेंगी, तभी जमीनी स्तर पर बदलाव संभव होगा।कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने वृक्षारोपण की स्थिति और उसके संरक्षण पर विशेष बल दिया। साथ ही नेचुरल फार्मिंग के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि किसानों को किस हद तक रासायनिक खाद के उपयोग से दूर किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती के फायदे बताकर और अधिक प्रेरित किया जाए। यह न केवल मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायक होगा बल्कि किसानों की लागत भी कम करेगा।

### निगम क्षेत्र में 6 सितंबर को पशुवध गृह एवं मांस विक्रय दुकानें बंद रहेंगी

**दुर्ग,6 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम सीमा के अन्तर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें 6 सितम्बर शनिवार अनंत चतुर्दशी को बंद रहेगी। शासन से जारी आदेश के बाद आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देश किया कि नगर पालिक निगम, दुर्ग सीमा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित समस्त पशु वध गृह एवं मांस बिकी की दुकानें निम्नानुसार पर्व में बंद रखा जावें।उहोने कहा दिनांक दिन पर्व दौरान अनंत चतुर्दशी में संचालित समस्त पशु वध गृह एवं मांस बिकी की दुकानो पर निगरानी करने व दुकाने खुला पाये जाने पर सख्ती से कार्रवाही के निर्देश दिए।

### लापरवाही पर खैरागढ़ की तत्कालीन नायब तहसीलदार रश्मि दुबे निलंबित

**दुर्ग,5 सितम्बर ।** दुर्ग संभाग के आयुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने खैरागढ़ के तत्कालीन नायब तहसीलदार एवं वर्तमान तहसीलदार जिला कबीरधाम श्रीमती रश्मि दुबे को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के प्रावधानों के विपरीत जाकर हितबद्ध पक्षकार को सुनवाई का अवसर प्रदान किये बगैर ही आदेश पारित कर कर्त्तव्य निवर्हन में गंभीर अनियमितता एवं लापरवाही के आरोप में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

निलंबन अवधि में तहसीलदार श्रीमती दुबे का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर कबीरधाम निर्धारित किया गया है। श्रीमती रश्मि दुबे तहसीलदार को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वह भत्ते की पात्रता होगी।

ज्ञात हो कि पक्षकार श्री मनोज कुमार पिता स्व. छदामी लाल एवं अन्य के द्वारा न्यायालय आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग में प्रस्तुत द्वितीय अपील प्रकरण क्रमांक 325 अ-6 (अ) वर्ष 2022-23 (ई-कोर्ट क्र. 202302980100004) में अधीनस्थ विचारणीय न्यायालय नायब तहसीलदार खैरागढ़ के द्वारा राजस्व प्रकरण क्रमांक 202108092600041 31-6/ (अ) वर्ष 2020-21 में पारित आदेश दिनांक 21.10.2021 जिसे अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़ एवं न्यायालय आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग के द्वारा विधि विपरीत पाते हुए निरस्त किया गया है।

### पीएम मोदी व वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार

# जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिए गए ऐतिहासिक फैसले से देश के आम लोगों व कारोबारियों को राहत मिलेगी: भावना वोहरा



**कवर्धा,5 सितंबर।** जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में बुधवार को कई अहम फैसले लिए गए, जिनसे सीधे तौर पर आम लोगों से लेकर कारोबारियों तक को राहत मिलेगी। इस जनहितैषी निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता और व्यापारियों के हित मे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी समर्पण भाव से कार्य कर रहें हैं।नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म का निर्णय ऐतिहासिक एवं व्यापारियों और आम जनता को राहत तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रतिबध्दता का प्रतीक है। बैठक में यह तय हुआ कि अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब रहेंगे 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत यानी 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब खत्म हो जाएंगे। केंद्र सरकार के इस फैसले से रोजमर्रा के सामान सस्ते होंगे और जीवन रक्षक दवाओं को टैक्स से पूरी तरह बाहर कर दिया गया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लाल किले की प्राचीर से जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार लाने की घोषणा की थी, जिसे पूरा करते हुए जीएसटी काउंसिल की बैठक में जनहित,व्यापारियों एवं देश की आर्थिक विकास हेतु यह महत्वपूर्ण निर्णय माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के नेतृत्व में लिया गया। इसके पूर्व भी प्रतिवर्ष 12 लाख रुपये तक कि आय को टैक्स फ्री करके बड़ी राहत देने के बाद यह जनहितैषी निर्णय आम आदमी को राहत देने वाला है।भावना बोहरा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती से आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा। व्यापक सुधार हमारे नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएंगे और सभी के लिए, विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करेंगे। यह माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा हर भारतीय के लिए दीपावली के पूर्व विशेष उपहार है जिससे पूरा देश हर्षित है और इसका स्वागत कर रहा है।इस दिशा में माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ का कुल जीएसटी और वैट राजस्व 23,448 करोड़ तक पहुंचा और जीएसटी कलेक्शन में हमारा राज्य प्रथम स्थान पर रहा, जो प्रदेश में सुशासन सरकार के विकास और विश्वास का प्रमाण है।उन्होंने आगे कहा कि वोकल फ़ॉर लोकल जैसे राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से एक ओर स्थानीय कारोबार को प्रोत्साहन देने, देश की अर्थव्यवस्था को गति देने एवं स्थानीय विक्रेताओं, कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास के बाद यह निर्णय देश के विकास को नई गति देगा ।

# सेल और आर्ट ऑफ लिविंग ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर



**भिलाई, 5 सितंबर।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और आर्ट ऑफ़ लिविंग ने सेल कार्मिकों के बीच होलिस्टिक वेल-बीइंग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौता ज्ञापन को सेल के निदेशक के.के. सिंह की उपस्थिति में, सेल - प्रबंध प्रशिक्षण संस्थान के कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संजय धर और आर्ट ऑफ़ लिविंग के व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया के अध्यक्ष ब्र. प्रज्ञाचैतन्य ने बेंगलुरु के आर्ट ऑफ़ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर इस सहयोग के तहत, सेल के कार्मिक आर्ट ऑफ़ लिविंग द्वारा तैयार किए गए संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जो भावनात्मक लचीलापन, सचेतनता, नेतृत्व और व्यक्तिगत सशक्तिकरण पर केंद्रित होंगे। ये पहल सेल की एक प्रेरित, भावनात्मक रूप से सक्रिय और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल विकसित करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर जी ने इस अवसर पर अपना मार्गदर्शन प्रदान किया और आंतरिक सद्भाव और समग्र विकास के अपने दृष्टिकोण से इस साझेदारी को प्रेरित किया।

# छात्र ने गोदाम में खुदकुशी की

**भिलाई, 5 सितंबर।**भिलाई नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर - 5 में बालाजी केटरर्स के संचालक के 12 वीं के कक्षा में पढ़ने वाले इकलौते बेटे ने अपने निवास से लगे गोदाम में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। गुरुवार को उसकी लाश घर से लगे केटरिंग गोदाम में फांसी के फंदे पर लटकती मिली। पुलिस ने मृतक के पास से एक सुसाइडल नोट मिला। चर्चा है कि सुसाइडल नोट में किसी लड़की का जिक्र होने के साथ ही आनलाइन गेमिंग में लेनदेन की बात भी सामने आ रही है। फिलहाल भिलाईनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि एस भार्गव राव पिता एस शेखर (17 साल) निवासी क्रास स्ट्रीट 4 सेक्टर 5 की लाश घर से लगे केटरिंग गोदाम में फांसी के फंदे पर लटकती मिली। आज सुबह जब घरवालों ने देर तक बेटे को कमरे से बाहर आते नहीं देखा तो अंदर से दरवाजा बंद पाया और जब दरवाजा तोड़कर देखा तो उनका बेटा फांसी पर लटका हुआ था और उसके हाथ में सुसाइडल नोट मौजूद था। इधर घरवालों ने पुलिस ने को खबर दी। पुलिस ने पहुंचकर शव को नीचे उतारा और कमरे की तलाशी ली तो वहां एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसके बाद यह बात भी सामने आ रही है कि मृतक ने सुसाइड नोट में एक लड़की का जिक्र भी किया है जो उसे छोड़कर महीने भर पहले किसी और के साथ चली गई। वही पैसे के लोन देने के मामले का भी बात सामने आई है। मृतक के खिलाफ 2 सितंबर को ही भिलाई नगर पुलिस ने मारपीट के मामले पर कार्रवाई किया था। बताया जाता है कि मृतक एस भार्गव राव को सेक्टर 5 में रहने वाले एस शेखर ने गोद लिया था। एस शेखर का बालाजी केटरर्स के नाम से केटरिंग का व्यवसाय है। अपने बीएसपी आवास के पास में ही एस शेखर ने अपने व्यवसायिक उपयोग के लिए गोदाम बना रखा है। फिलहाल भिलाई नगर पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। इधर पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है ।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 6 को

**भिलाई, 5 सितम्बर ।** आस्था-रथ सांस्कृतिक मंच द्वारा विगत नौ वर्षों से आयोजित श्री गणेश विसर्जन महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह इस वर्ष 6 सितम्बर को शाम 7 बजे से सिविक सेंटर स्थित सेल-परिवार चौक में आयोजित होगा। शहरभर की गणेश प्रतिमा समितियां झांकी के रूप में भाग लेंगी और अतिथियों द्वारा उनका सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, मंत्री गजेंद्र यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, भिलाई महापौर नीरज पाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम भारतीय सेना और पुलिस के शौर्य को समर्पित होगा। विशेष आकर्षण के रूप में जांजगीर-चांपा के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी मलखंभ प्रदर्शन करेंगे। आयोजन में भिलाई रत्न सम्मान प्रदान किया जाएगा तथा सेवा कार्यों में योगदान देने वालों को चेक वितरित होंगे। सर्वश्रेष्ठ पंडाल, प्रतिमा, पूजा समिति एवं झांकी को पुरस्कार दिए जाएंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए आस्था रथ सांस्कृतिक मंच के संयोजक मिथलेश ठाकुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के कलाकार भी अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे।

### बीज उत्पादक किसानों के लिए पंजीयन की तिथि में वृद्धि

**रायपुर, 5 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा प्रदेश के किसानों के लिए प्रमाणित बीज उत्पादक किसान बनने के लिए पंजीयन की तिथि में वृद्धि की गई है। अब किसान 15 सितंबर तक कृषि उत्पादक किसान बनने के लिए पंजीयन करा सकते हैं। पहले यह तिथि 31 अगस्त तक निर्धारित थी। गौरतलब है कि राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम है, जिसके द्वारा प्रत्येक वर्ष खरीफ मौसम में कृषकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाता है। बीज उत्पादक किसान बनने के लिए, जिन किसानों के पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक ज़मीन है वो बीज प्रमाणीकरण संस्था में मामूली शुल्क देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिए किसान को जिले के बीज प्रकिया केंद्र में संपर्क करना होगा या अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से भी बात कर सकते हैं। धान या अन्य फसल उत्पादन में पुराने बीज की तुलना में प्रमाणित बीज के उपयोग से 10 से 15 प्रतिशत अधिक उपज प्राप्त होता है।

# निगम क्षेत्र से 7 श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना

**भिलाई, 5 सितम्बर।** केन्द्र सरकार की कल्याणकारी श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत नगर निगम भिलाई से सात श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। इस योजना के तहत 50 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन हेतु विशेष ट्रेनों के माध्यम से निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जा रही है। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं समाज कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी शरद दुबे के नेतृत्व में श्रद्धालुओं को निगम मुख्यालय परिसर से दुर्ग रेलवे स्टेशन तक विदा किया गया। रवाना किए गए श्रद्धालुओं में नरेन्द्र कुमार शुक्ला, सरिता शुक्ला, शशि बाई राजपूत, नारद शर्मा, गीता शर्मा, रामखिलावन वर्मा एवं शिलेंद्र कुमार निर्मल शामिल हैं। यात्रा के दौरान सरकार द्वारा श्रद्धालुओं को निशुल्क ठहरने की व्यवस्था, भोजन-पानी एवं विशेष सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है। योजना का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक आस्था से जोड़ते हुए उन्हें अयोध्या धाम के दर्शन का अवसर उपलब्ध कराना है।

### युवक के कब्जे से चाकू जब्त

**भिलाई, 5 सितम्बर।** भिलाई चाकू दिखाकर धमकाने वाले एक आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि थाना सुपेला पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक आरके मैदान राधिका नगर के पास अपने पास रखे धारदार हथियार चाकू को लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक युवक चाकू के साथ दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा तो उसे घेराबंदी कर पकड़ा।

# अपराध से बचना और सकारात्मक सोच अपनाना चाहिए: विजय




**भिलाई, 5 सितम्बर।** जिला जेल दुर्ग में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के संस्थापक एवं शिक्षाविद् आई पी मिश्रा ने की। आयोजन जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। अपने संबोधन में सांसद विजय बघेल ने कहा कि हमें ऐसी दुनिया बनाने की दिशा में काम करना चाहिए जहाँ अपराध न हों और समाज में केवल प्रेम, शांति और सौहार्द का वातावरण हो। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग छोटी-छोटी भूलों के कारण भी जेल पहुँच जाते हैं, इसलिए अपराध से बचना और जीवन में सकारात्मक सोच अपनाना आवश्यक है। शिक्षाविद आईपी मिश्रा ने कहा कि समाज सेवा सबसे बड़ी पूजा है और जब भी जेल प्रशासन को आवश्यकता होगी, शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर हमेशा सेवा देने के लिए तत्पर रहेंगे। जेल अधीक्षक मनीष सांभकर ने बताया कि कैदियों के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर यिशु देशमुख, अशोक साव, रश्मि चौधरी, डी.एस. कोसारे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वैशाली नगर कॉलेज में राजनीति विज्ञान परिषद का गठन



भिलाई, 5 सितम्बर। इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा राजनीति विज्ञान परिषद का गठन किया गया, जिसमें स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर तथा तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को सम्मिलित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अलका मेश्राम ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार शिवनाथ शुक्ल उपस्थित थे।कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती पूजा से हुआ तथा सरस्वती वंदना छात्रा कु. लाजो द्वारा की गई। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ अलका मेश्राम का स्वागत डॉ किरण रामटेके, शिवनाथ शुक्ल का स्वागत प्रो.अमृतेष शुक्ला तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ कैलाश शर्मा का स्वागत छात्र सागर रामटेके ने पौधा भेंटकर किया । विभागाध्यक्ष डॉ किरण रामटेके ने स्वागत भाषण में विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी तथा राजनीति विज्ञान परिषद के सदस्यों के नामों की घोषणा की। अध्यक्ष कु. कुसुम साहू, उपाध्यक्ष सागर रामटेके, सचिव आरती निषाद तथा सहसचिव कु अर्चना तिवारी तथा कोषाध्यक्ष कु कोमल मेहरा को बनाया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अलका मेश्राम ने छात्र-छात्राओं को अनुशासित रहते हुए जीवन में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्रेस की स्वतंत्रता तथा संविधान के अनुच्छेद 19 पर भी विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्रों को संविधान में वर्णित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग करना चाहिए। मुख्य अतिथि शिवनाथ शुक्ल ने इस अवसर पर राजनीति तथा पत्रकारिता विषय पर छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। उन्होंने बताया कि कैसे पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। उन्होंने ईमानदार पत्रकारिता पर जोर देते हुए कहा कि इसके बिना हम सुन्दर और समरस समाज की परिकल्पना साकार नहीं कर सकते। वर्तमान समय में सोशल मीडिया से राजनीति पर होने वाले व्यापक प्रभाव पर भी उन्होंने चर्चा की। उन्होंने छात्रों का अनुशासित जीवन तथा उसमें नैतिक मूल्यों के महत्व पर भी मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन कु कुसुम साहू ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कु अर्चना तिवारी ने दिया। इस कार्यक्रम में विभाग के सभी छात्र-छात्राएं तथा कला संकाय के सभी प्राध्यापक डॉ संजय दास, श्रीमती सुशीला शर्मा, श्रीमती कौशल्या शास्त्री, डॉ चांदनी मरकाम आदि उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने मूर्ति विसर्जन के लिए तालाबों में कुंड बनाने के दिए निर्देश



**भिलाई, 5 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर अंतर्गत स्थित विभिन्न तालाबों एवं उद्यानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मूर्ति विसर्जन हेतु चिन्हांकित तालाबों में कुण्ड निर्माण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में आयुक्त पाण्डेय वार्ड क्रमांक 50 स्थित बाबा बालकनाथ तालाब एवं समीपस्थ उद्यान पहुँचे तथा वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद वार्ड क्रमांक 43 बापू नगर तालाब का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य जैसे रेलिंग, गेट एवं पाथवे आदि शीघ्र कराने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 40 मुक्तिधाम में स्थित तालाब का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ मूर्ति विसर्जन के लिए अलग से कुण्ड बनाए जाने के निर्देश दिए गए। वहीं छावनी मुक्तिधाम उद्यान में वृक्षारोपण करने तथा घास कटाई के लिए टीम लगाने हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को विशेष निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी एवं सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा उपस्थित थे।

# अपर कलेक्टर ने स्कूलों व आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण

**बलौदाबाजार, 5 सितम्बर।** जले में विगत दिनों हुई तेज बारिश को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अपर कलेक्टर अवध राम टंडन ने गुरुवार को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर जलभराव की स्थिति में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये।

उन्होने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जुड़ा और अहिल्दा का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल परिसर में जलभराव को देखते हुए उक्त दोनों स्कूल परिसरों में कैनाल का पानी बस्ती से होते हुए स्कूल परिसर में करीब 2 फीट तक जलभराव हो गया था। इस जलभराव को देखते हुए स्कूल में छुट्टी दे दी गई थी। इसके पश्चात् बलौदाबाजार शहर अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, क्रमांक 03 शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड, क्रमांक 04 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड, क्रमांक 05 राममनोहर लोहिया वार्ड, क्रमांक 08 इंदिरा गांधी वार्ड और क्रमांक 12 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड का निरीक्षण किया।

# दशलक्षण पर्व पर धर्म ध्यान और तपस्या की बिखरी अनूठी छटा



**भिलाई, 5 सितम्बर।** दशलक्षण पर्व के अवसर पर नगर में धर्म, ध्यान और तपस्या की अनूठी छटा बिखरी हुई है। शास्त्रों के अनुसार इन्द्रियों पर नियंत्रण रखना सबसे कठिन तप है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में जब व्यक्ति के पास समय सीमित रह जाता है, तब तप साधना के महत्व का बोध और अधिक गहराई से होता है। यही कारण है कि पर्व के दौरान बच्चों से लेकर युवाओं और वृद्धों तक, सभी वर्ग तप और साधना में लीन दिखाई दे रहे हैं। नेहरूनगर के नौ साधक इस वर्ष विशेष तपस्या कर रहे हैं। इनमें अनिल जैन, पवन जैन, संदीप जैन विद्याश्री, विधानाचार्य अनेकान्त जैन, श्रीमती अर्चना जैन, श्रीमती साक्षी संदीप जैन, श्रीमती प्राची निखिल जैन, कु. वैशाली विजय जैन एवं कु. खुशी अजित जैन शामिल हैं। ये सभी दस उपवास की भावना से साधना कर रहे हैं, जिनमें से नौ उपवास पूरे हो चुके हैं। दिगंबर जैन सभा नेहरू नगर के अध्यक्ष मनीत जैन, उपाध्यक्ष रमेश जैन नाहर, संरक्षक राजकुमार जैन, महावीर पाटनी, अशोक पहाड़िया, सचिव क्षितिज जैन, कोषाध्यक्ष गौरव जैन, चातुर्मास संयोजक जितेंद्र जैन, आनंद जैन और सचिन जैनम ने तपस्वियों की साधना की अनुमोदना करते हुए परिवारजनों को बधाई दी। आगामी 7 सितम्बर को जैन भवन, नेहरू नगर में विश्व सद्भावना दिवस के अवसर पर श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके उपरांत अभिषेक, शांतिधारा एवं शास्त्र प्रवचन आर्यिका संघ के सान्निध्य में होंगे।

# बच्चों को सभी शैक्षणिक योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए:सार्वा



**नगरी/मगरलोड,5 सितंबर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, पठार में नवीन शाला भवन प्रवेश कार्यक्रम का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में एक गौरवपूर्ण वातावरण निर्मित हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा जी थे। द्वितीय प्रमुख के रूप में जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति टीकाराम कंवर जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने की।कार्यक्रम के दौरान अरुण सार्वा जी ने अपने उद्बोधन में कहा बच्चों को सरकार द्वारा संचालित सभी शैक्षणिक योजनाओं का भरपूर लाभ मिलना चाहिए। यह सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। इसके लिए शिक्षकों और अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की सही मॉनिटरिंग करनी होगी, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

विशिष्ट अतिथियों में रोहित मोहन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष, मगरलोड खिलेश साहू , उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत, मगरलोड विजय यदु , भाजपा जिला उपाध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, पिछड़ा वर्ग मोर्चा नरेश सिन्हा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष, भाजपा मुरली सिन्हा, एवं श्रीमती नंदनी सिन्हा, महामंत्री, भाजपा मंडल, मगरलोड,श्रीमती राखी साहू अध्यक्ष सरपंच संघ मगरलोड, योगेश्वर यादव जी अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति पठार एवं बूथ अध्यक्ष, रामायण सिन्हा, अध्यक्ष किसान संघर्ष समिति, सिंगपुर, दुलार सिंह गनियार, सरपंच, ग्राम पंचायत पठार,श्रीमती डागेश्वरी ध्रुव, उपसरपंच, ग्राम पंचायत पठार वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति- जगदीश राम साहू , दिलीप कुमार साहू, डॉ. सत्यनारायण साहू, कंवल सिंह सेन,साथ ही समस्त पंचगण, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहेकार्यक्रम का संचालन शाला परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। नवीन शाला भवन से छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलने की आशा जताई गई। यह अवसर न केवल विद्यालय के लिए, बल्कि सम्पूर्ण ग्राम पंचायत पठार के लिए एक ऐतिहासिक दिन के रूप में अंकित हो गया।

## संक्षेप-समाचार

### छत्तीसगढ़ में अब केवल अधिकृत पोर्टल से ही भरें आरटीओ ई-चालान

**रायपुर, 5 सितम्बर.** परिवहन विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहन से संबंधित किसी भी आरटीओ ई- चालान का भुगतान केवल परिवहन विभाग की अधिकृत वेबसाइट https://echallan.parivahan.gov.in के माध्यम से ही करें। परिवहन विभाग ने बताया है कि हाल ही में कुछ धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं, जिनमें लोगों को नकली संदेश या मेल भेजकर चालान राशि जमा कराने का प्रयास किया गया है। ऐसे प्रकरणों से बचने के लिए नागरिक किसी भी अनधिकृत वेबसाइट या लिंक पर भुगतान न करें। अपने वास्तविक चालान की जानकारी प्राप्त करने के लिए वाहन मालिक विभागीय वेबसाइट पर जाकर पे -आन लाइन विकल्प का चयन करें। वाहन नंबर और चेसिस नंबर/इंजन नंबर के अंतिम चार अंक डालने पर चालान से संबंधित संपूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता है। इसके बाद नागरिक सीधे ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा जारी सभी ई-चालान केवल विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाते हैं। किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या एप से प्राप्त लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी को ऑनलाइन भुगतान करें। यदि किसी प्रकार की शिकायत हो तो नागरिक निकटतम पुलिस थाना या परिवहन विभाग में तत्काल शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### जिला पंचायत-साधारण सभा की बैठक संपन्न

**राजनांदगांव 5 सितम्बर।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत-साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन में धान के बदले दलहन-तिलहन, मक्का एवं अन्य कम पानी की खपत वाले फसल लेने एवं फसल चक्र परिवर्तन की बात कही गई। बैठक में ग्रीष्मकालीन में धान उपार्जन मुक्त जिला बनाने के लिए विशेष अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। रबी सीजन में दलहन, चना, मूंग, मसूर एवं उद्यानिकी फसल लगाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने कहा गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को नल जल योजना की मरम्मत के बाद टेस्टिंग कार्य एवं सीसी रोड के मरम्मत कराने कहा गया। इसके शासकीय उचित मूल्य दुकान के आबंटन के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में शिक्षा, खनिज, विद्युत, स्वास्थ्य, कृषि, वन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग सहित अन्य विभागों के कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, प्रशांत कोडापे, अनीता मंडावी, किरण बारले, गोपाल भुआर्य, शीला सिन्हा, देवकुमारी साहू, बिरम मंडावी, अंगेश्वर देशमुख, महेंद्र यादव एवं जनपद अध्यक्ष डोंगरगढ़ अनीता सिन्हा, डोंगरगांव जनपद अध्यक्ष रंजीता पड़ौती, राजनांदगांव जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर एवं विधायक प्रतिनिधिगण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी-जिला पंचायत सुरूचि सिंह, उप संचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक सहित जिला पंचायत एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### क्यूआर कोड से अब मनरेगा कार्यों की मिलेगी पूरी जानकारी

**राजनांदगांव 5सितम्बर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायतों के लिए विशेष क्यूआर कोड तैयार किया गया है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में इन क्यूआर कोडों को पंचायत भवनों एवं प्रमुख स्थलों पर स्थापित किया जा रहा है। ग्रामीण अपने मोबाइल से इन क्यूआर कोड को स्कैन कर मनरेगा अंतर्गत गत तीन वर्षों में हुए सभी स्वीकृत एवं संपन्न कार्यों की पूरी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते है। यह व्यवस्था मनरेगा कार्यों को नागरिकों के लिए पूरी तरह पारदर्शी और सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। क्यूआर कोड से मिलने वाली प्रमुख जानकारी में पिछले तीन वर्षों में गांव में मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की सूची, प्रगति पर कार्य, पूर्ण हो चुके कार्य, व्यय की गई राशि, उत्पन्न मानव दिवस एवं कुल सक्रिय श्रमिकों की जानकारी शामिल रहेगी। इससे जुड़ी जानकारी ग्रामीण अपने मोबाइल पर तत्काल देख सकते है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि क्यूआर कोड से जानकारी प्राप्त करने की यह पहल ग्रामीणों को मनरेगा की सीधी निगरानी का अधिकार देती है। अब ग्रामीण स्वयं देख सकेंगे कि उनके गांव में कौन-कौन से कार्य स्वीकृत हुए, कितने पूरे हुए और कितना भुगतान हुआ है। इससे न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, बल्कि ग्रामीणों को योजनाओं का वास्तविक लाभ समय पर मिल सकेगा। ग्रामीण सीधे क्यूआर कोड से मनरेगा अंतर्गत सभी जानकारी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की पारदर्शिता एवं सुशासन की नीति को आगे बढ़ाते हुए यह पहल राजनांदगांव जिले की सभी ग्राम पंचायतों में लागू की जा रही है। इससे विकास कार्यों की जानकारी पर ग्रामीणों का सीधा दृष्टिकोण रहेगा और योजनाओं की प्रगति पर जनता की सीधी नजर बनी रहेगी।

### ग्राम गर्रापार में विशेष किसान चौपाल का आयोजन

**राजनांदगांव 5 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर छुरिया विकासखंड के ग्राम गर्रापार में ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य कम पानी की खपत वाले फसल हेतु विशेष किसान चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य कम पानी की खपत वाले दलहन-तिलहन, मक्का एवं अन्य फसलों के संबंध में जानकारी दी गई तथा फसल चक्र परिवर्तन के बारे में बताया गया। किसानों द्वारा फसल परिवर्तन एवं कम पानी की खपत वाले फसल लेने हेतु सहमति दी गई। चौपाल में किसानों द्वारा मक्का, चना, गेहूं , सरसों एवं अलसी फसल बीज मांग की गई। किसानों ने बताया कि ग्राम गर्रापार पूर्व में भी ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल लगाने के लिए संकल्पित ग्राम है।

# रायपुर एनआईटी-एफआईई को राष्ट्रीय इन्क्यूबेटर पुरस्कार

>> स्टार्टअप्स को उत्कृष्ट तकनीकी सहयोग और मार्गदर्शन के लिए मिलेगा पुरस्कार

>> मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दी शुभकामनाएँ

>> एनआईटी-एफआईई ने छत्तीसगढ़ में अब तक 40 से अधिक स्टार्टअप्स को दिया बढ़ावा

**रायपुर, 5 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**



एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (एफआईई) को चौथे भारत उद्यमिता शिखर सम्मेलन में राष्ट्रीय इन्क्यूबेटर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन 13 सितंबर को नई दिल्ली के संसद मार्ग स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में होगा। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में एनआईटी रायपुर-एफआईई के उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। संस्था को यह सम्मान राज्य में 35 से आधिक नये सुआर्टअप्स को मार्गदर्शन और उन्हें उत्कृष्ट तकनीकी सहयोग के लिए मिलेगा। भारत उद्यमिता शिखर सम्मेलन का आयोजन भारतीय उद्यमी संघ (ईएआई) और एंटरप्राइजिंग जोन-ईजेड द्वारा किया जा रहा है, जो भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त इन्क्यूबेशन केंद्र है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर संस्थान को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिल रहा है। यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ में तेजी से बदल रहे औद्योगिक वातावरण को प्रोत्साहित करेगा। एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय इन्क्यूबेटर पुरस्कार मिलना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। स्टार्टअप्स के पोषण और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एनआईटी रायपुर-एफआईई की टेक्नोलॉजी आधारित गतिविधियां हमारे राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी, और छत्तीसगढ़ को नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करेंगी। मुख्यमंत्री ने पूरी टीम को बधाई देते देते हुए उम्मीद जताई कि यह संस्था युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने और तकनीकी प्रगति को आगे बढ़ाने में निरंतर सफलता हासिल करेगी।

एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एन. वी. रमना राव ने कहा कि राष्ट्रीय इन्क्यूबेटर पुरस्कार नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में संस्था की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि एफआईई लगातार एक मजबूत इकोसिस्टम बनाने में जुटा है, जो तकनीकी स्टार्टअप्स को सहयोग देकर उन्हें सफल उद्यमों में बदलता है। यह उपलब्धि उन्हें नई पीढ़ी के उद्यमियों को और मजबूती देने की प्रेरणा देती है। गौरतलब है कि एनआईटी रायपुर-एफआईई एक गैर-लाभकारी संस्था के रूप में मार्च 2021 में स्थापित हुआ। जो एनआईटी रायपुर का प्रौद्योगिकी व्यापार इन्क्यूबेटर है और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की राष्ट्रीय नवाचार विकास और दोहन पहल (निधि) योजना के तहत कार्य करता है। संस्था ने अब तक छत्तीसगढ़ में 35 से अधिक स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया है।

इनमें से कुछ स्टार्टअप्स गवर्नेंस और मेडिकल उपकरण निर्माण के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। जबकि कुछ एनालिटिक्स, डीप-टेक, क्लीन टेक और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) समेत अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े हैं। एनआईटी रायपुर एफआईई का संचालन निदेशक डॉ. एन. वी. रमना राव और कैरियर डेवलपमेंट सेंटर प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी के नेतृत्व में हो रहा है। परिचालन टीम में डॉ. अनुज कुमार शुक्ला (फैकल्टी प्रभारी), श्री पवन कटारिया (अधिकारी प्रभारी) और सीईओ श्रीमती मेधा सिंह जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। एफआईई ने तकनीकी स्टार्टअप्स को व्यापक सहयोग देकर खुद को देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम में एक मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित किया है। जिनमें स्टार्टअप शुरू करना, कंपनी बनाना, तकनीकी मार्गदर्शन समेत स्टार्टअप्स से जुड़े सभी तरह के समर्थन शामिल हैं। छत्तीसगढ़ का कोई भी युवा यदि अपना स्टार्टअप शुरू करना चाहता है तो वह इसके लिए एनआईटी रायपुर एफआईई से संपर्क कर सकता है।

## मुख्यमंत्री साय ने लुत्ती बांध के टूटने पर जताई गहरी नाराज़गी

>> सिंचाई परियोजनाओं के रखरखाव और मरम्मत पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता

>> मैदानी अधिकारी–कर्मचारी फील्ड में जाकर बांधों एवं संबंधित संरचनाओं का करें सतत निरीक्षण

**रायपुर, 5 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बलरामपुर–रामानुजगंज जिले में स्थित लुत्ती बांध के टूटने की घटना पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की गलती किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री साय ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि मैदानी अधिकारी और कर्मचारी फील्ड में जाकर नियमित निरीक्षण नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण यह स्थिति बनी है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सतत रूप से फील्ड में जाकर बांधों सहित अन्य संरचनाओं का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में जल संसाधन विभाग की गहन समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सिंचाई परियोजनाओं के रखरखाव और मरम्मत पर विशेष ध्यान देने, सभी बांधों की जलभराव क्षमता, वर्तमान सिंचाई स्थिति और आगामी परियोजनाओं की प्रगति आदि के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही विशेष रूप से बांध सुरक्षा अधिनियम 2021 का कड़ाई से पालन करने तथा जिला प्रशासन के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने लक्षित सिंचाई क्षमता और वास्तविक सिंचाई क्षमता के बीच अंतर को कम करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्तमान में 04 वृहद परियोजनाएँ, 357 लघु परियोजनाएँ और 300 एनीकट, इस प्रकार कुल 661 कार्य प्रगतिरत हैं। इसके अतिरिक्त 1036 जीर्णोद्धार कार्य भी चल रहे हैं। इस तरह कुल 1697 कार्य



प्रगतिरत हैं, जिनमें लगभग ₹8966 करोड़ की राशि व्यय होगी। इस बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव श्री रवि मित्तल, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री राजेश सुकुमार टोप्पो, प्रमुख अभियंता श्री इंद्रजीत उईके तथा बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग मंडलों के मुख्य अभियंता सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## बाढ़ पीड़ितों का राशन-इलाज के साथ अब जरूरी दस्तावेज बनाने का काम भी शुरू

**रायपुर, 5 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बस्तर संभाग में पिछले सप्ताह हुई अतिवृष्टि ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया था। अपने विदेश दौरे से लौट कर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दंतेवाड़ा पहुंचकर संभागीय बैठक में जिला कलेक्टरों को राहत और बचाव कार्यो में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिये थे। अब मुख्यमंत्री के इस निर्देश पर तेजी अमल किया जा रहा है। बाढ़ पीड़ित नागरिकों को जहां एक ओर राशन, ईलाज और दवाईयां के साथ-साथ गैस चुल्हे और सिंलेण्डर दिये गये हैं वहीं राहत शिविरों में उनके दैनिक जीवन की उपयोगी सभी व्यवस्थाएं भी की गई है। अब बाढ़ का पानी उतरने के साथ ही नुकसान का वास्तविक आंकलन और अन्य जरूरी सहायता तथा मुआवजा देने की कार्यवाही पर भी तेजी से अमल किया जा रहा है। बाढ़ के पानी में खराब या नष्ट हो गये जरूरी दस्तावेजों को बनाने का काम भी राजस्व विभाग ने शुरू कर दिया हैं। बाढ़ की इस भीषण आपदा में छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय नेतृत्व में एक संवेदनशील पहल कर त्वरित राहत कार्य और सहायता-मुआवजे की प्रक्रिया शुरू कर पीड़ित परिवारों को एक बड़ी राहत दी है। बाढ़ से प्रभावित गाँवों में राहत दल तेजी से काम कर रहे हैं। इसके साथ ही प्रभावित गांवों में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बस्तर जिले के लोहन्डीगुड़ा तहसील के मांदर गांव के प्रभावित किसानों को किसान किताब वितरित की जा रही है, जो बाढ़ के कारण बह गई थी। किसान किताब के मिलने से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और भविष्य में किसी भी सहायता के लिए पात्र बनने में मदद करेगी। वहीं प्रभावितों को नवीन राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड एवं बैंक पासबुक तैयार कर प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला प्रशासन की टीमें नुकसान का आकलन करने के लिए घर-घर सर्वे कर रही हैं और पात्रता के अनुसार तत्काल राहत राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर कर भुगतान कर रही हैं। सरकार का ध्यान इस बात पर है कि किसी भी पीड़ित परिवार को उनकी जरूरत के समय अकेला न छोड़ा जाए। इसके लिए, मकान क्षति सहित पशु, फसल और घरेलू सामग्री की क्षति का विस्तृत ब्यौरा तैयार कर, हर एक प्रकरण पर गंभीरता से काम किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है, ताकि जरूरतमंद प्रभावितों तक मुआवजा राशि सीधे और समय पर पहुँच सके। स्थानीय प्रभावित परिवारों ने सरकार की इस पहल की सराहना की है। एक प्रभावित ग्रामीण श्री मुरहा पटेल ने कहा कि हमने सोचा था कि बाढ़ के बाद सब कुछ खत्म हो गया, लेकिन सरकार की इस त्वरित मदद ने हमें फिर से जीवन को नये सिरे से शुरू करने की उम्मीद दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला आधिकारियों की इस पहल को प्रशासन की ओर से एक मजबूत और मानवीय दृष्टिकोण के रूप में देखा जा रहा है। जो यह दर्शाता है कि आपदा की घड़ी में सरकार न सिर्फ राहत कार्य बल्कि पुनर्वास और भविष्य की सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस तरह के प्रयास बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक और मानसिक दोनों तरह से सहारा देते हैं, जिससे उन्हें जीवन को सामान्य पटरी पर लाने में मदद मिलती है।

## पुरंदर मिश्रा ने नगर निगम के कार्यों की समीक्षा की

**रायपुर,5 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा नगर निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन पहुंचे। नगर निगम मुख्यालय पहुंचने पर चतुर्थ तल स्थित निगम सामान्य सभा सभागार में महापौर श्रीमती मीनल चैबे, सभापति श्री सूर्यकांत राठौड, आयुक्त श्री विश्वदीप ने उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा का बुके देकर आत्मीय स्वागत किया। उत्तर विधायक ने नगर निगम जोन 2,3,4 के उत्तर विधानसभा क्षेत्र के वार्डो के विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा जोन कमिश्नरो से जानकारी प्राप्त कर की एवं विकास कार्यो को गतिमान करने आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये।

पार्षदो से उत्तर विधायक ने सुझाव लिए एवं वार्डो की मूलभूत समस्याओ की जानकारी प्राप्त की। उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने रायपुर उत्तर विधायक निधि मद से रायपुर उत्तर विधानसभा के नगर निगम रायपुर के वार्डो में विकास कार्य करवाने 10-10 लाख रू. का स्वेच्छानुदान देने की मंच से घोषणा की। उत्तर विधायक ने जोन 4 अंतर्गत आक्सीजोन गार्डन में बच्चो एवं नागरिको के लिए मनोरंजन हेतु लगे उपकरणो के खराब होने पर उन्हे शीघ्र बदलवाने की आवश्यक कार्यवाही तत्परता से करने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिये। उत्तर विधायक ने सफाई, पेयजल, जलभराव की समस्या की जानकारी ली एवं विधायक निधि, अधोसंरचना मद, शासन निधि, सामान्य निधि के विकास कार्यो की प्रगति की जानकारी ली एवं सभी विकास कार्यो को जनहित की दृष्टि से समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने कहा कि जब से नगर निगम में वे महापौर बनी है तब से वे उनके पास आने वाले जनप्रतिनिधि वार्ड पार्षदो की समस्याओ को प्राथमिकता से लेकर त्वरित निदान करवाने हर संभव प्रयास कर रही है। महापौर ने विधायक निधि से 10-10 लाख रू. की विकास कार्य हेतु रायपुर उत्तर विधानसभा के वार्डो के लिए घोषणा किये जाने पर नगर निगम रायपुर की ओर से मंच पर रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा को धन्यवाद दिया। महापौर ने अधिकारियों को पेयजल समस्या के त्वरित निदान हेतु आवश्यक तकनीकी समाधान करवाने के निर्देश दिये। महापौर ने सफाई व्यवस्था चुस्त दुरूस्त बनाने उपलब्ध संसाधनो एवं सफाई कामगारो से स्वच्छ शहर बनाने निरंतर मॉनिटरिंग कर कार्य किये जाने कहा। महापौर ने पार्षदो की समस्याओ को गंभीरता से सुना एवं आश्वस्त किया कि वे प्राथमिकता से वार्ड पार्षदो की वार्डो में जनसमस्याओं का नगर निगम के माध्यम से त्वरित समाधान करने हर संभव उपाय जनहित में सुनिश्चित करेंगी। सभापति श्री सूर्यकांत राठौड ने दीपावली पर्व के पूर्व शहर की सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था सुधार कर चुस्त दुरूस्त बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा अधिकारी हर संभव प्रयास कर रहे है कि समस्याओ का समाधान वार्डो में तत्परता से हो। उन्होने कहा कि वार्ड एक्शन प्लान और सिटी डेव्हलपमेंट प्लान शासन को भेजने के बाद शीघ्र ही शासन से स्वीकृति मिलने पर रायपुर शहर का सभी 70 वार्डो में दलगत राजनीति की भावना से ऊपर उठकर समान रूप से शासन की मंशा अनुसार विकास होते दिखेगा। आयुक्त श्री विश्वदीप ने कहा कि वे महापौर के साथ वार्डो का निरीक्षण करने के दौरान उनकी जानकारी में आयी वार्डो की जनसमस्याओ का तात्कालीक समाधान करने आवश्यक कार्यवाही एवं हर संभव उपाय नगर निगम रायपुर के स्तर पर कर रहे है। रायपुर उत्तर विधानसभा के वार्डो में उत्तर विधायक के निर्देश पर वार्डो में जनसमस्याओ के हर संभव त्वरित निदान हेतु आवश्यक कार्यवाही नगर निगम द्वारा शीघ्र की जायेगी। पार्षदो की समस्याओ के समाधान हेतु कार्यवाही को प्राथमिकता दी जायेगी। रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा द्वारा उत्तर विधानसभा के नगर निगम रायपुर के वार्डो के कार्यो एवं समस्याओ की जानकारी लेकर की गई समीक्षा बैठक के दौरान निगम सामान्य सभा सभागार में एमआईसी सदस्य श्रीमती संजना हियाल, श्री महेन्द्र खोडियार, श्री अवतार भारती बागल, श्री संतोष सीमा साहू, जोन 3 अध्यक्ष श्रीमती साधना प्रमोद साहू, पार्षद श्रीमती पुष्पा रोहित साहू, श्रीमती कृतिका जैन, श्री कैलाश बेहरा, श्री आकाश तिवारी, श्री शेख मुशीर, प्रदीप वर्मा जनप्रतिनिधिगण, पार्षदप्रतिनिधिगण, अपर आयुक्त सर्वश्री यू.एस. अग्रवाल, विनोद पाण्डेय.

## नि:शुल्क ऑनलाइन जेईई-नीट कोचिंग विद्यार्थियों के भविष्य के लिए एक बेहतरीन पहल : डॉ. रमन सिंह

**राजनांदगांव 5 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राम सोमनी में निःशुल्क ऑनलाइन जेईई-नीट कोचिंग का शुभारंभ किया। इस दौरान राजनांदगांव विधानसभा के 18 हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में स्मार्ट बोर्ड का भी शुभारंभ किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिले में कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को जेईई एवं नीट की तैयारी करने वाले बच्चों के लिए जिले के 11 केन्द्रों में निःशुल्क ऑनलाइन जेईई नीट कोचिंग की सुविधा दी जाएगी। निःशुल्क ऑनलाइन जेईई नीट कोचिंग के माध्यम से प्रतिष्ठित संस्थान के विषय विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए यह कोचिंग महत्वपूर्ण एवं उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि निजी कोचिंग क्लास में नहीं जाकर यहां प्रारंभ ऑनलाईन कोचिंग से जुड़कर घर एवं स्कूल में ही राष्ट्रीय स्तर परीक्षाओं की तैयारी की सुविधा मिलने जा रही है। इस क्षेत्र के बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होकर डॉक्टर, इंजीनियर, बने और सफलता प्राप्त करें, ऐसी उम्मीद है। ऐसे विद्यार्थी जो रायपुर, दुर्ग एवं भिलाई नहीं जा सकते, उनके घर तक कोचिंग की सुविधा मिल सके इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से बेहतरीन पहल की गई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाईन कोचिंग से जुड़कर सभी विद्यार्थी अपनी ऊर्जा को सही दिशा देते हुए सीखे और निरंतर अभ्यास करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होकर सफलता प्राप्त करना जीवन की बड़ी उपलब्धि है। आपकी मदद के लिए निःशुल्क ऑनलाईन कोचिंग आधार बना है। बच्चों के



उज्ज्वल भविष्य के लिए एक प्रेरक पहल की गई है। उन्होंने कहा कि आप जीवन में एक बार अच्छी पढ़ाई कर एक अच्छा जीवन जी सकते है। उन्होंने कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे द्वारा रूचि लेकर जिले में प्रारंभ की गई की पहल की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षण सामग्री प्रदान की।

सांसद श्री संतोष पाण्डे ने कहा कि निःशुल्क ऑनलाइन जेईई-नीट कोचिंग शिक्षा के क्षेत्र में आमुलचूल परिवर्तन है। जिले भर में 11 केन्द्रों के माध्यम से विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। विद्यादान सबसे बड़ा दान है। अभिभावक अपने बच्चों को अधिक से अधिक इस अभियान से जोड़े, ताकि बच्चे अधिक संख्या में लाभान्वित हो सकें। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि निःशुल्क ऑनलाइन जेईई-नीट कोचिंग शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। विनोबा फाउंडेशन के माध्यम से आधारभूत शिक्षण को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया गया।

इसके साथ ही निःशुल्क ऑनलाइन जेईई-नीट कोचिंग के माध्यम से कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत 684 विद्यार्थियों के लिए 2 वर्षीय नीट-जेईई की तैयारी के लिए कक्षाएं शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि कक्षा 11वीं के लिए 2 वर्षीय कार्यक्रम है, ताकि वह बेहतर तैयारी कर सके। यह कोचिंग की सुविधा निःशुल्क है और 700 से अधिक बच्चों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि फिजिक्स वाला कोचिंग इंस्टियूट भिलाई एवं भिलाई एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट भिलाई के सहयोग से जेईई एवं नीट की तैयारी करने वाले कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क ऑनलाइन जेईई नीट कोचिंग क्लास की ऐतिहासिक शुरूआत की गई है। इसके तहत प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को विशेष विषेशज्ञों द्वारा 4 घंटे कक्षाएं ली जाएगी। साथ ही स्थानीय शिक्षकों के क्षमता निर्माण हेतु मदद करेंगी। ऑनलाईन कोचिंग के माध्यम से बच्चों को मार्गदर्शन देने के साथ ही उनकी जिज्ञासा का समाधान भी किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री राजा माखीजा, श्री सुमीत उपाध्याय, श्री भावेश बैद एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल, जिला समन्वयक साक्षरता श्री सतीश ब्यौहारे एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# ट्रंप का एक और झूठ

हर देश में ऐसे नेता होते हैं जो निरंतर झूठ बोलते हैं और उनके झूठ की पोल बोलने के बाद खुलती भी रहती है फिर भी वह झूठ बोलना नहीं छोड़ते हैं, वह सोचते हैं कि देश व विश्व के लोग उनकी बात पर यकीन करेंगे लेकिन वह जानते नहीं है कि वह इतना झूठ बोल चुके हैं कि अब देश व विदेश के लोग उनकी बात पर जरा भी यकीन नहीं करते हैं। अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ऐसे ही नेता हैं। वह रोज नया नया झूठ बोलते हैं। ट्रंप ने नया झूठ यह बोला है कि यूक्रेन में शांति के लिए भारत पर ज्यादा टैरिफ लगाना जरूरी है। ट्रंप टैरिफ लगाने के मामले में गलत साबित हो रहे हैं, देश के भीतर लोग तो उनका विरोध कर रहे है, निचली अदालतों ने भी ट्रंप के फैसले को गलत बताया है,ट्रंप खुद गलत साबित हो रहे हैं तो वह अपनी गलती के लिए दूसरों को गलत साबित करने का प्रयास कर रहे और अपने यहां के सुप्रीम कोर्ट को भी गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं तथा यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि उन्होंने जो कुछ भी किया है, वह विश्व शांति व देश को आर्थिक तबाही से बचाने के लिए किया है। जहां तक सवाल यूक्रेन में शांति के लिए भारत पर ट्रैरिफ लगाने का सवाल है तो पूरी दुनिया जानती है कि रूस व यूक्रेन युध्द होने का कारण क्या है तथा उसके इतना लंबा खींचने का कारण क्या है।यूक्रेन को नाटो में शामिल करने के विरोध में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था, इस युध्द तो लंबा अमरीका व यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को मदद व हथियार देकर खींचा है, यदि अमरीका व यूरोपीय यूनियन ने यूक्रेन की मदद न की होती तो यह युध्द कब का खत्म हो चुका होता। अमरीका युध्द में यूक्रेन की मदद करे तो वह यूक्रेन को बचाने के लिए है और रूस से भारत अपने देशहित में तेल खरीदे तो वह यूक्रेन युध्द तो बढ़ाने वाला है। इस लाजिक को सच माना जाए तो भारत से ज्यादा तेल रूस से चीन खरीदता है लेकिन अमरीका ने चीन पर भारत की तरह ज्यादा टैरिफ नहीं लगाया है, इससे अमरीका की नीयत साफ हो जाती है कि भारत अमरीका का कहना नहीं मान रहा है, इसलिए अमरीका ने भारत पर ज्यादा टैरिफ लगाकर उसे एक तरह से आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में ठीक-ठाक रहने वाला है। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपनी डेली रूटीन को बेहतर करने की कोशिश करें। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों की चालों को समझने की कोशिश करें। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में भी थोड़ा धैर्य बनाए रखना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**वृषभ** आज आपको धन संबंधित समस्याओं को लेकर अपने किसी सहयोगी से मदद लेनी पड़ सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा और आपके व्यक्तित्व में भी निखार आएगा। आप किसी कानूनी मामले से दूर ही रहें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपके पिताजी आपको कोई जिम्मेदारी देंगे, जिसमें आपको ढील देने से बचना होगा।

**मिथुन** व्यवसाय में आज आपको अच्छी सफलता मिलेगी। दोस्तों के साथ आपको कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा। आपकी कोई पुरानी बीमारी बढ़ेगी, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। दोस्तों के साथ आप काफी समय व्यतीत करेंगे। आपको कामों को लेकर व्यस्तता बढ़ सकती है, जो आपकी समस्याओं को भी बढ़ाएगी। आपको किसी नौकरी से संबंधित काम को लेकर कहीं बाहर जाने का मौका मिल सकता है।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आज आप अपने जीवनसाथी को आप कहीं घूमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। कुछ पारिवारिक समस्याओं को लेकर आप परेशान रहेंगे। आपके कामों से आज आपकी एक नई पहचान मिलेगी। ऑनलाइन व्यवसाय कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। घरेलू मामलों को आप मिल बैठकर निपटाएं। आपको किसी परीक्षा की तैयारी में जमकर मेहनत करनी होंगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपने खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश में लगे रहेंगे। ऑफिस में आपको प्रमोशन आदि मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं। खर्चो को लेकर आप योजना बनाकर चलें।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। नौकरी में आपके बॉस आपसे काफी खुश रहेंगे और आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आपको कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। आप अपने कामों को समय से निपटाएं, तो आपके अच्छा रहेगा। जो विद्यार्थी विदेश जाने की योजना बना रहे थे, उन्हें किसी अच्छी स्कीम का पता चल सकता है।

**तुला** आज आपको अपने काम को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है और यदि आप किसी दूसरे के मामले में बोले, तो वह आपकी मुश्किलों को बढ़ा सकते हैं। आर्थिक तंगी आपको परेशान करेगी। आप नौकरी के साथ-साथ कोई साइड बिजनेस भी शुरू करने की सोच सकते हैं। आप किसी यात्रा पर जाएंगे, तो वहां आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि आपके किसी समान के चोरी होने की संभावना है। आप अपने पिताजी से किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। व्यापार में भी आप किसी समस्या को लेकर थोड़ा टेंशन में आ सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में ढील देने से बचना होगा। आपकी माताजी के सेहत में गिरावट आने से टेंशन अधिक रहेगी और आपका कोई काम पूरा होते-होते रह सकता है, जो आपकी मुश्किलों को भी बढ़ा सकती है। आप अपनी सेहत में यदि कोई समस्या महसूस करें, तो उसके लिए आप किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

**धनु** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको व्यस्तता बनी रहेगी। आप अपने कामों को किसी दूसरे पर ना डालें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में किसी काम को लेकर व्यस्तता बनी रहेगी। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। आपका कोई पुराना लेनदेन यदि आपको समस्या दे रहा था, तो वह भी दूर होगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने कामों से अच्छी सफलता मिलेगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। माता-पिता की ओर से आपको कोई पैतृक संपत्ति मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप अपनी इन्कम को बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिसके लिए आप कोई इन्वेस्टमेंट भी कर सकते हैं। यदि आप किसी घर आदि की खरीदारी की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा भी पूरी होगी, जिसको लेकर आप कोई लोन भी अप्लाई कर सकते हैं।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप प्रत्येक कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे, जिससे आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। विद्यार्थियों ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो वह उसकी तैयारी में पूरी मेहनत से जुटेंगे। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप अपने किसी मित्र की मदद के लिए आगे आएंगे और बिजनेस में आप किसी काम को लेकर पार्टनरशिप कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**मीन** आज का दिन आपके लिए कुछ मुश्किलें लेकर आ सकता है। आपकी कुछ मुश्किले बढ़ सकती हैं। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। व्यापार में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। आप मौज-मस्ती के मूड में ज्यादा रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आपको कुछ समय बिताने से उनको बेहतर जानने का मौका मिलेगा। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। आप राजनीति की ओर कदम बढ़ा सकते हैं।

# अपने हितों के सुविधानुसार लोकतंत्र को परिभाषित मत करो साहब

**मनोज दुबे**



स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत में एक बेहतर व मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाया गया है,.. लोकतंत्र सिर्फ संसद व विधानसभा तक ही सीमित नहीं है, अपितु यह तो देश के हर कोने के साथ साथ हम सबके आचरण में भी होना चाहिये। सिर्फ सैद्धांतिक सोच में लोकतंत्र को परिभाषित कर फिर उस पर उपदेश देना ठीक नहीं है, बल्कि व्यवहारिक स्तर पर लोकतंत्र की बुनियाद स्थापित करने की राष्ट्रवादी सोच भी होनी चाहिए। लोकतंत्र मे हम सब प्रत्येक नागरिकों की भूमिका एक जागरूक प्रहरी की भांति होनी चाहिए... बेशक "लोक या जनता" की जागरूकता से ही "तंत्र" ग़लत निर्णय नहीं ले सकता और न ही मनमानी कर सकता है ।

इसलिए लोकतंत्र की सफलता" लोक" और तंत्र दोनों की जागरुकता पर निर्भर करता है., इसीलिए किसी भी देश में लोकतंत्र की सफलता वहां की सरकार , विपक्ष व जनता की जागरूकता पर निर्भर करती है.... और अब जब हमारा देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन बैठा है..और 2047 तक """विकसित भारत""" बनाने में सरकार के अथक प्रयासों के साथ साथ हर भारतीय नागरिक की तत्परता होनी चाहिए,.....

लेकिन दुर्भाग्यवश निजी स्वार्थ में जागरूकता चलती है , जनहित में नहीं.।

संसद व विधानसभाओं व सार्वजनिक स्थानों एवम अन्य स्थानों से भाषाओं का गिरता स्तर, अमर्यादित भाषा शब्द, लोकतंत्र के आचरण से मेल नहीं खाते है साहब। हमारे देश में संसद को कानून बनाने की व देश को चलाने की संवैधानिक शक्ति, जनता एवम् संविधान से मिली है,फिर संसद के द्वारा बनाए गये क़ानूनों का विरोध आप सड़क पर सार्वजनिक संपत्ति को जलाकर व तोड़कर नहीं कर सकते । और यदि ऐसा करते हैं तो यह संविधान व लोकतंत्र को चुनौती देने जैसा होगा।

बेशक देश व प्रदेश चलाना सत्तारूढ़ दलों की नैतिक व संवैधानिक जिम्मेदारी व अधिकार है लेकिन इसके साथ-साथ विपक्ष की भूमिका भी अति महत्वपूर्ण होती है..एक स्वस्थ लोकतंत्र में तो विपक्ष की भूमिका कई मामलों में तो सत्तापक्ष से भी महत्वपूर्ण होती है। मैं तो आज ये देखता हूं ,और समझता हूं कि बेशक आप विपक्ष में हैं ,तो सिर्फ आपका काम सरकार का विरोध करना है, जी नहीं।

आपका काम सरकार के ग़लत नीतियों का विरोध करना है, सिर्फ विरोध के लिये विरोध करना, यदि आप ऐसा करते हैं , तब लोकतंत्र कमजोर होता है। और हां आप यदि सरकार के ग़लत नीतियों का विरोध करते है , तो यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की सफलता के सुखद संकेत हैं ।.........और सरकार को भी चाहिए कि वह विपक्ष की बातों पर गौर करे वो उसे करना भी चाहिए, ऐसे में उसकी नैतिक व संवैधानिक जिम्मेदारी भी पूरी होगी।

अगर इन दोनों परिस्थितियों में दोनों जिम्मेदार पक्ष अगर असफल होते हैं, तब लोकतंत्र कमजोर होता है। पिछले कुछ वर्षों से हम सबको सुनने व देखने को मिलता है कि देश के बड़े व जिम्मेदार लोग यह कहते हैं कि देश का लोकतंत्र खतरे में है या देश में लोकतंत्र बचा ही नहीं है '..लोकतंत्र खत्म हो गया है.. अरे भाई साहब जिस स्वतंत्रता पूर्वक आप ये सब कह रहें हैं ये सब एक स्वस्थ व मजबूत लोकतांत्रिक देश में ही कहा जा सकता है .उत्तरी कोरिया , सीरिया व अफगानिस्तान में नहीं।

अरे साहब हमारे देश का लोकतंत्र जब 25 जून 1975 के आपातकाल को भी सहन कर गया ,और जब उन विकट परिस्थितियों में कमजोर पड़कर फिर से उसी मजबूती से साथ अंगड़ाई लेकर उठ खड़ा हुआ और फिर उसी रफ्तार से दौड़ पड़ा। और अब तो सवाल ही नहीं उठता साहब।

अब ऐसा क्या हो गया है भाई साहब कि किसी भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मुद्दे पर सरकार व विपक्ष की सहमति नहीं बन पाती है क्यों..।।।।

इसलिए क्योंकि विपक्ष का काम सिर्फ विपक्ष में बैठकर विरोध करना है, सत्तारूढ़ दल की भी अपनी भूमिका हो सकती है।। .........बहरहाल जो भी हो चाहे किसी भी समय की कोई भी सरकार रही हो ऐसा होता रहा है ......लेकिन वर्तमान समय में इसका प्रभाव सबसे ज्यादा दिखाई देता है। जबकि एक स्वस्थ व मजबूत लोकतांत्रिक देश में सकारात्मक रूप से सरकार के अलावा ज्यादा सकारात्मक अहम भूमिका विपक्ष का होना चाहिते,अच्छे कार्यों का सहयोग करना चाहिए । राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय विषय जैसे भारत-चीन संबंध व सीमा विवाद, GST पर ,क्रषि कानून पर , CAA पर NEP पर या विश्व में पड़ी प्राकृतिक आपदा कोरोनावायरस से फैली महामारी रही हो या देश की अर्थव्यवस्था हो , सर्जिकल या एयर स्टाइक रही हो या अभी हाल ही में पहलगाम का नरसंहार रहा हो , आर्टिकल 370 की समाप्ति रही हो वर्तमान में चुनाव आयोग के द्वारा SIR का मुद्दा रहा हो वक्फ बोर्ड की संपत्ति का विषय रहा हो व 130 वां संविधान संशोधन बिल, प्रयागराज महाकुंभ 2025 का आयोजन आदि अन्य सभी मुद्दों पर सरकार का विरोध करना , सलेक्टिव मानवाधिकार की बातें करना ,लोगों के लाशों की आड़ में अपने वोट बैंक देखना.... इससे यह स्पष्ट व परिभाषित होता है कि सिर्फ विरोध के लिये विरोध करना आपका प्रमुख उद्देश्य है। और जब ऐसा होता है तब उस देश का संविधान व लोकतंत्र खतरे में आता है ।मैं तो यही कहूंगा कि....

जब आपका स्वार्थ पूरा न हो तब लोकतंत्र खतरे में आ जाता है, और हैरानी ज्यादा तो तब होती है जब स्वार्थ सिद्धि हो जाये तब लोकतंत्र अचानक मजबूत हो जाता है।

अरे भाई साहब हमारे देश में तो अभिव्यक्ति की आजादी व आंदोलन की आजादी है..और इसकी आड़ में कैसी कैसी अभिव्यक्तियां होती हैं.. आंदोलनों के आड़ में सार्वजनिक रुप से हिंसा करते हुये राष्ट्रीय पर्व के दिन लालकिले में चढ़कर देश की गरिमा व सम्मान तार_तार कर दी जाती है,,..तब लोकतंत्र खतरे में आता है साहब ।।।

जब देश का मंदिर संसद में अध्यादेश फाड़े जाते हैं ,जब देश विरोधी नारे लगते हैं और उसके पक्ष में खड़े हो जाना और उनका समर्थन करना, तब लोकतंत्र को खतरा होता हे साहब ।।।।और वैसे भी हमारे भारत देश का लोकतंत्र बहुत मजबूत है साहब ...इन छोटी मोटी हरकतों से न तो डिगने वाला है और न ही कमजोर होने वाला है ।।।

अब आज इस झूठे ढिंढोरे पीटने का दुष्प्रचार का दुष्परिणाम यह हुआ है कि दुनिया के सबसे बड़े व मजबूत लोकतांत्रिक देश भारत को विदेशी संगठनों ने भारत को स्वीडन , नार्वे, स्विट्जरलैंड व डेनमार्क जैसे छोटे देशों को बेहतरीन लोकतांत्रिक देश बताकर भारत को बहुत नीचे स्थान दिया गया है....जबकि इन यूरोपीय देशों पर वहां की स्वतंत्रता व समानता पर ही कई प्रश्नचिन्ह है..

और इस लेख के अंत में मैं ये जोर देकर कहूंगा कि "अपने हित के सुविधानुसार लोकतंत्र को परिभाषित मत करो साहब"""

**राजनीतिक चिंतक ( विश्लेषक ) व लेखक**

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : शिक्षक की बदलती भूमिका

**श्रीमती सुशीला गावड़े कलमु**



राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षक की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण और केन्द्रीय स्थान दिया गया है। शिक्षक को केवल "ज्ञान देने वाला" नहीं, बल्कि मार्गदर्शक (Mentor) और प्रेरणास्त्रोत (Role Model) माना गया है। जो विद्यार्थियों को ज्ञानवान, कुशल, सृजनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है, गांधीजी भी मानते थे कि "शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र और आत्मनिर्भरता का निर्माण होना चाहिए।"

जैसे - गांधीजी ने चरखा को आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनाया, वैसे ही नई नीति "आत्मनिर्भर भारत" का मार्ग प्रशस्त करती है और अशान्वित करती है कि 2047 तक विकासशील से विकसित भारत बनने में कारगर साबित होगी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह शिक्षा को केवल रटने का साधन नहीं मानती। पहले की पढ़ाई में अधिकतर बच्चे तथ्य और परिभाषाएँ रटकर परीक्षा में लिख देते थे और बाद में भूल जाते थे। यह नीति विद्यार्थियों को रटने से हटाकर समझने और जोड़ने की शिक्षा देती है। शिक्षा का लक्ष्य केवल परीक्षा पास करना नहीं, बल्कि जीवन जीना, सोचने की क्षमता विकसित करना, दीर्घकालिक समझ और प्रयोगशीलता और रचनात्मकता जगाना है। उदाहरणः यदि कोई छात्र विज्ञान पढ़ रहा है, तो शिक्षक को चाहिए कि तथ्य के साथ-साथ प्रयोगों के माध्यम से उसमें जिज्ञासा और खोज की भावना उत्पन्न करे। इसके लिए चाहिए कि गणित में बच्चा केवल सूत्र याद न करे, बल्कि यह समझे कि उस सूत्र का प्रयोग कहाँ होता है। जैसे त्रिकोणमिति केवल किताबों में नहीं, बल्कि भवन निर्माण, पुल और नेविगेशन में कैसे काम आती है। वही विज्ञान में पानी उबलने का तापमान रटने की जगह बच्चा प्रयोग करके देखे कि 100 डिग्री सेल्सियस पर पानी क्यों उबलता है। कला की बात हो तो इतिहास में तिथियाँ रटने के बजाय विद्यार्थी समझे कि किसी घटना का समाज और राष्ट्र पर क्या प्रभाव पड़ा। और वही भाषा मे कविता को याद करने के बजाय उसकी भावना और संदेश को जीवन में अपनाना।

NEP 2020 के अनुसार प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा/क्षेत्रीय भाषा में दी जानी है। शिक्षक की भूमिका होगी कि वह भाषा को आसान और व्यवहारिक रूप में पढ़ाए, ताकि बच्चा सीखने में आत्मविश्वास महसूस करे। कठिन शब्द और भारी परिभाषाएँ बच्चे को और डरा देती हैं। आसान भाषा में उदाहरण देकर पढ़ाना चाहिए। उदाहरण स्वरुप "गुरुत्वाकर्षण" शब्द कठिन लग सकता है, लेकिन यदि गेंद को ऊपर फेंककर दिखाएंगे और कहेंगे कि "पृथ्वी हमें खींचती है" तो बच्चा समझ जाएगा। NEP 2020 विद्यार्थियों के समग्र विकास (Holistic Development) पर बल देती है—जहाँ ज्ञान, विज्ञान, कला, खेल और नैतिक मूल्य सभी शामिल हों। स्वामी विवेकानंद ने ऐसी ही शिक्षा की बात कही थी और शिक्षा को "मनुष्य बनाने की प्रक्रिया" बताया था। जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सेवा-भाव और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत हो सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर बल दिया गया है कि शिक्षक को खेल, कला, संगीत, नाटक आदि को भी पढ़ाई का हिस्सा बनाना होगा। यदि गणित पढ़ा रहे हैं तो उसमें संगीत या कला का संदर्भ जोड़कर बच्चों में रुचि जगाना। नीति में "Activity Based Learning" पर बल दिया गया है। जिन बच्चों को किताबें बोरिंग लगती हैं, वे खेल, चित्र, कहानियों और गतिविधियों से जल्दी सीखते हैं और सिखाने की बात कही है। उदाहरण सहित गिनती सिखाने के लिए बीज, कंचे या गेंद का प्रयोग किया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति तकनीक-सक्षम शिक्षक पर जोर दिया है आज की डिजिटल युग में शिक्षक को प्रौद्योगिकी का कुशल प्रयोग करना आना चाहिए। ऑनलाइन कक्षाएँ, स्मार्ट बोर्ड, डिजिटल सामग्री, वर्चुअल लैब इत्यादि का प्रयोग कर शिक्षक बच्चों तक शिक्षा को अधिक रोचक और सरल बना सकता है। इस दृश्टिकोण से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने शिक्षक का आदर्श रूप बताया "शिक्षक वह नहीं है जो छात्रों के दिमाग़ में तथ्यों को जबरन ठूसे, बल्कि वास्तविक शिक्षक तो वह है जो उसे आने वाले चौनौतियों के लिए तैयार करे।" अर्थात् सच्चा शिक्षक वही है जो विद्यार्थियों को सोचने की स्वतंत्रता दे।" NEP 2020 में अनुसंधान (Research) और नवाचार (Innovation) पर बल दिया गया है। शिक्षक विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने, प्रयोग करने और नई चीजें बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा था - "युवाओं को मेरा संदेश है कि कुछ अलग तरीके से सोचे, कुछ नया करने का प्रयन्त करे , हमेशा अपना रास्ता स्वयं बनाये और असंभव को हासिल करें ।" कलाम सर की तरह यह नीति हर विद्यार्थी को खोज करने, अनुसंधान, नवाचार, विज्ञान-तकनीक और नया बनाने की प्रेरणा देती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्किल बेस्ड , वोकेशनल एजुकेशन समावेशी शिक्षा पर जोर देता है बच्चों की पढ़ाई शिक्षक डाँटकर नहीं, बल्कि प्रशंसा और छोटी-छोटी सफलताओं के जरिये आगे बढ़ा सकते हैं। बच्चों को सबसे ज्यादा जरूरत होती है हौसले की। अगर बच्चा केवल एक सही उत्तर देता है, तो उसकी सराहना करें – "बहुत अच्छा, तुमने कोशिश की और सही किया।" कोई भी बच्चा Zero नहीं होता। हर बच्चे में कोई-न-कोई विशेषता, कोई प्रतिभा जरूर होती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 हमें यही सिखाती है। यह कहती है कि शिक्षा केवल रटने और अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चे की प्राकृतिक क्षमता, रुचि और कौशल को विकसित करने का माध्यम है। उनके छोटे-छोटे प्रयासों की सराहना करते हैं, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। धीरे-धीरे वही बच्चा आगे चलकर समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी बन सकता है। मै अपनी बात कहु तो मै बहुत ही कमजोर स्टूडेंट थी यदि आज मेरा भी हौसला शिझक ने नहीं बढ़ाया होता तो आज मै इस जगह पर नहीं होती । अगर कोई बच्चा गणित में कमजोर है, तो जरूरी नहीं कि वह जीवन में असफल हो। हो सकता है वह खेल, चित्रकला, संगीत या किसी अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट हो। शिक्षक का कार्य है उस क्षमता को पहचानना और उसे प्रोत्साहित करना। इसलिए, शिक्षक के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि हम हर बच्चे को यह अहसास दिलाएँ – तुम Zero नहीं हो, तुममें भी वह शक्ति है जो भविष्य को रोशन कर सकती है।"

कुल मिलाकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षक को राष्ट्र निर्माता और भविष्य निर्माता की भूमिका में स्थापित किया है। शिक्षक का कार्य केवल किताबों का ज्ञान देना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में जिज्ञासा, मूल्य, कौशल और आत्मनिर्भरता का विकास करना है। इसलिए आज के समय में शिक्षक वह दीपक है, जो स्वयं जलकर भी समाज को प्रकाश देता है। इसमें शिक्षक को ज्ञान प्रदाता से अधिक मार्गदर्शक, गुरु और प्रेरणास्त्रोत की भूमिका में रखा गया है। निःसंदेह राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी पहलुयों को शामिल किया गया है जिसे हम सभी बारीकी से इम्प्लीमेंट करे तो हम डिग्री के साथ - साथ कौशल , स्कील , बहुप्रतिभावान् राष्ट्र निर्माता तैयार होंगे जिससे हमारा देश का वृद्धि के साथ चहुनमुखी विकास सम्भव हो पायेगा।

# मुनगा को डाइट में शामिल करने से हड्डियों को मिलेगी मजबूती



आप सभी ने सहजन का नाम तो सुना ही होगा, इसको मोरिंगा या ड्रमस्टिक कहा जाता है। इसके पत्तों में दूध के मुकाबले 4 गुना अधिक कैल्शियम पाया जाता है। वहीं इसके पाउडर में कैल्शियम 17 गुना अधिक होता है। ऑस्टियोपेनिया, ऑस्टियोपोरोसिस और रिकेट्स से मरीज की जिंदगी काफी तकलीफ में गुजरती है। इन सभी बीमारियों से बचने के लिए शरीर में कैल्शियम को कम नहीं होने देना चाहिए। अधिकतर लोग मानते हैं कि डाइट में दूध को कैल्शियम का प्रमुख सोर्स माना जाता है। लेकिन कुछ लोग दूध का सेवन नहीं कर पाते हैं। क्योंकि कुछ लोगों को इसका स्वाद पसंद नहीं आता है। तो वहीं कुछ लोगों को एलर्जी होने लगती है। लेकिन जो लोग डेयरी प्रोडक्ट का सेवन नहीं करते हैं। वैसे तो हमारे शरीर के हर हिस्से को यह मिनरल चाहिए, लेकिन हड्डियों को सबसे ज्यादा जरूरत कैल्शियम की होती है। आपकी हड्डियां इसी से बनी होती हैं। वहीं जब डाइट से कैल्शियम नहीं मिलता है, तो शरीर हड्डियों से चूसने लगता है। इसलिए मजबूत हड्डियों के लिए अपनी डाइट में इस एक चीज को शामिल करना चाहिए। एक्सपर्ट के मुताबिक मोरिंगा में दूध से 17 गुना ज्यादा कैल्शियम पाया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मजबूत हड्डियों के लिए मोरिंगा को कैसे डाइट में शामिल करना चाहिए।

**मोरिंगा में ज्यादा कैल्शियम**-आप सभी ने सहजन का नाम तो सुना ही होगा, इसको मोरिंगा या ड्रमस्टिक कहा जाता है। इसके पत्तों में दूध के मुकाबले 4 गुना अधिक कैल्शियम पाया जाता है। वहीं इसके पाउडर में कैल्शियम 17 गुना अधिक होता है। इसको एंटी-एजिंग माना जाता है। इसलिए 30 की उम्र के बाद इस सुपरफूड को डाइट में शामिल करना चाहिए। इसका सेवन करने से बोन मास बढ़ने लगता है, यानी की हड्डी मोटाई ठीक हो जाती है।

**ऐसे करें सेवन**-सहजन के पत्ते और पाउडर को डाइट में शामिल करना बेहद आसान है। वहीं लैक्टोज इनटॉलरेंट और वीगन लोग इसका पराठा बनाकर खा सकते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट की मानें, इसका रायता बनाकर खा सकते हैं। वहीं सुबह खाली पेट एक गिलास पानी में मिलाकर इसको पी भी सकते हैं।

**प्रेग्नेंट महिला और बच्चे भी करें सेवन**-प्रेग्नेंट महिलाओं और बच्चों को भी मोरिंगा का सेवन करना चाहिए। इसमें आयरन पाया जाता है, जो इस लोगों के लिए काफी जरूरी होता है। यह आयरन की कमी को पूरा करता है और एनीमिया से बचाता है। वहीं बेहतर काम करने के लिए शरीर को भी खून की बहुत जरूरत होती है।

**सब्जियां और सूप**-स्टर फ्राई, करी या सूप बनाने के लिए भी मोरिंगा की पत्तियों या फली का उपयोग करें। सर्दियों में मोरिंगा के सूप का सेवन करना विशेष रूप से आरामदायक और पौष्टिक होता है।

**चाय**-आप हर्बल चाय बनाने के लिए भी मोरिंगा के पत्तों को पानी में उबालें। फिर स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें नींबू या शहद मिलाएं।

## सू-दोकू-161

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.160 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# विकलांगता को ताकत बनाकर 19 साल से शिक्षा की रोशनी बांट रहीं वरदेवी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 5 सितंबर।** शिक्षक दिवस पर हम अक्सर उन गुरुओं को नमन करते हैं, जो अपने ज्ञान और परिश्रम से बच्चों का भविष्य संवारते हैं। बीजापुर जिले के प्राथमिक शाला गुन्लापेटा की प्रधानाध्यापिका श्रीमती वरदेवी पाणिग्राही की कहानी अलग ही मिसाल पेश करती है। जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य से कभी पीछे न हटी।

### दिव्यांग नहीं, इच्छाशक्ति की पहचान

श्रीमती वरदेवी पाणिग्राही शारीरिक रूप से अशक्त हैं। वे स्वयं चल-फिर नहीं पाती लेकिन उनके संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा ने इस कमी को कभी बाधा नहीं बनने दिया। हर सुबह उनके पति रोहित उन्हें बाइक से स्कूल तक छोड़ते हैं और गोद में उठाकर कक्षा तक ले जाते हैं। स्कूल के भीतर यदि एक कक्षा से दूसरी कक्षा जाना होता है, तो सहकर्मी शिक्षक और चपरासी मिलकर उन्हें उनकी कुर्सी सहित वहाँ तक पहुँचाते हैं।स्कूल स्टाफ बताता है कि कठिन परिस्थिति के बावजूद वरदेवी कभी पीछे नहीं हटती, उनका साहस और सेवा-भाव ही उन्हें हर दिन बच्चों के बीच लाता है। बच्चे भी कहते हैं कि मैडम का पढ़ाने का तरीका बेहद अच्छा है और वे हमेशा पूरे मन से पढ़ाती हैं।

### 19 साल का समर्पण, 2022 में बनीं प्रधानाध्यापिका

श्रीमती वरदेवी पाणिग्राही शिक्षा कर्मी वर्ग -3 व जुलाई 2006 और पिछले 19 वर्षों से वे लगातार बच्चों को शिक्षा की रोशनी दे रही हैं। वर्ष 2022 में प्रधानाध्यापिका के पद पर पदोन्नति मिली।जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया ने कहा कि श्रीमती वरदेवी पाणिग्राही का पूरा सफर संघर्ष से भरा हुआ है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उनका समर्पण और लगन बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ऐसे शिक्षकों को जिला स्तर पर, बल्कि राज्य स्तर पर भी सम्मान मिलना चाहिए। श्रीमती वरदेवी की यह कहानी सिर्फ एक शिक्षिका की नहीं, बल्कि जीवन के साहस, कर्तव्यनिष्ठा और अदम्य इच्छाशक्ति का उदाहरण है। जब हालात साथ न दें, लेकिन इंसान अपने कर्तव्य को सर्वोपरि माने वहीं असली शिक्षक कहलाता है। यही वजह है कि इस शिक्षक दिवस पर श्रीमती वरदेवी पाणिग्राही समाज के लिए प्रेरणा और बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आती हैं।

# प्रभावितों को मिला 8.81 करोड़ रुपए से अधिक मुआवजा

**जगदलपुर, 5 सितम्बर।** बस्तर संभाग के बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले में बीते सप्ताह हुई अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों के राहत एवं पुनर्वास के लिए राज्य सरकार संवेदनशील पहल कर रही है। इस दिशा में जहां प्रभावितों को राहत शिविरों में भोजन, चिकित्सा सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं मकान क्षति, पशुधन हानि एवं फसल क्षति का सर्वेक्षण कर आरबीसी 6-4 के तहत स्वीकृत मुआवजा राशि प्रभावितों को प्रदान किया जा रहा है। कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह के द्वारा अतिवृष्टि प्रभावितों को हरसंभव मदद देने के निर्देश के परिपालन में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत अब तक इन सभी जिलों में मकान क्षति के 1694 प्रकरणों में प्रभावितों को 08 करोड़ 81 लाख 49 हजार रुपए मुआवजा राशि प्रदान किया गया है। वहीं पशुधन क्षति एवं फसल क्षति का आंकलन कर अब तक स्वीकृत 48 प्रकरणों में 04 लाख 80 हजार रुपए मुआवजा राशि वितरित किया गया है।

राज्य शासन की राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अनुसार अतिवृष्टि प्रभावित बस्तर जिले के अंतर्गत पूर्ण मकान क्षति के 103 प्रकरणों में एक करोड़ 29 लाख 63 हजार रुपए एवं आंशिक मकान क्षति के 356 प्रकरणों में 18 लाख 10 हजार रुपए, दंतेवाड़ा जिले के अंतर्गत पूर्ण मकान क्षति के 420 प्रकरणों में 05 करोड़ एक लाख 76 हजार रुपए तथा आंशिक मकान क्षति के 562 प्रकरणों में एक करोड़ 96 लाख 20 हजार रुपए, बीजापुर जिले के अंतर्गत पूर्ण मकान क्षति के 26 प्रकरणों में 18 लाख 45 हजार रुपए एवं आंशिक मकान क्षति के 35 प्रकरणों में एक लाख 17 हजार रुपए और सुकमा जिले के अंतर्गत पूर्ण मकान क्षति के 10 प्रकरणों में 11 लाख 05 हजार रुपए एवं आंशिक मकान क्षति के 182 प्रकरणों में 05 लाख 13 हजार रुपए मुआवजा राशि सम्बंधित प्रभावित परिवारों को आवास निर्माण एवं मरम्मत कार्य के लिए प्रदान किया जा चुका है। साथ ही इन प्रभावितों को बांस-बल्ली भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अलावा आवश्यकता के अनुरूप प्रभावित परिवारों को सूखा राशन, बर्तन, कपड़े एवं अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है। ज्ञात हो कि उक्त जिलों में सर्वेक्षण के अनुसार प्रारंभिक तौर पर कुल 688 मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं और 1449 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त पाए गए हैं। वहीं 176 पशुधन की क्षति हुई है।

## एक नजर

### अल्टरनेट फाइनेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला 9 सितंबर को

**कांकेर, 5 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कांकेर द्वारा 09 सितम्बर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, एनएसई सिडबी एवं इनवॉइस मार्ट के सहयोग से "अल्टरनेट फाइनेंस" विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन होटल आनंदम, सिटी सेंटर माल कांकेर में प्रातः 10: बजे से आयोजित किया जाएगा।महाप्रबंधक टंकेश्वर देवांगन ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य एमएसएमई महिला उद्यमियों, महिला स्व-सहायता समूहों एवं पारंपरिक कारीगरों को ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से अपने उत्पादों की बाज़ार पहुँच बढ़ाने, विपणन सहायता प्राप्त करने, नेटवर्किंग के अवसर समझने, उत्पादों की दृश्यता में वृद्धि तथा लॉजिस्टिक्स समर्थन के बारे में जानकारी देना है। यह कार्यशाला विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, महिला उद्यमी एवं स्वयं सहायता समूह, हस्तशिल्प, हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण, वनोपज आधारित उद्यम तथा ऐसे कारीगर एवं उत्पादक जो ऑनलाइन बिक्री के इच्छुक हैं के लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि आनबोर्डिंग हेतु 03 वर्ष पुरानी इकाई जिसकी औसत वार्षिक टर्न ओवर राशि 30 करोड़ रूपए से अधिक होना चाहिए। उन्होंने जिले के एसे सभी इच्छुक उद्यमियों एवं लाभार्थियों को इस कार्यशाला में उपस्थित होने के लिए आग्रह किया गया है।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला के लिए ऑनलाइन पंजीयन

**जगदलपुर, 5 सितम्बर ।** राज्य में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी संस्थानों में नियोजित करने के उद्देश्य से 09 एवं 10 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सत्र 2022, 2023, 2024 एवं 2025 में उत्तीर्ण सभी दसवीं, बारहवीं, आईटीआई उत्तीर्ण एवं डिप्लोमा धारक युवा रोजगार कार्यालय के वेबसाइट मतवरहंतण्बहण्हवअण्पद पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रभारी सयुंक्त संचालक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय आईटीआई जगदलपुर में 09 एवं 10 सितम्बर 2025 तक पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है जो भी आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी पंजीयन नही करवाएं हैं ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी अपना शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर उक्त शिविर में पंजीयन करवा सकते हैं। बस्तर संभाग के सभी आईटीआई में ई-रोजगार पंजीयन किया जा रहा है। अधिक जानकारी हेतु संस्था के प्लेसमेंट अधिकारी श्री पहाड़ सिंह बारिक मोबाइल नंबर 9479248524 से सम्पर्क किया जा सकता है।

### बाढ़ प्रभावित मांदर में सहकारी केंद्रीय बैंक ने की मदद

**जगदलपुर 5 सितम्बर ।** बस्तर जिले में पिछले सप्ताह हुई अतिवृष्टि से प्रभावित गाँव मांदर के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। कलेक्टर एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर के प्राधिकृत अधिकारी श्री हरिस एस की विशेष पहल पर शाखा लोहंडीगुड़ा और आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अलनार ने बाढ़ पीड़ितों को उनके जरूरी दस्तावेज और पैसों तक पहुंचने में मदद की है। बाढ़ के कारण मांदर गाँव के कई घरों का घरेलू सामान बह गया था, जिसमें ग्रामीणों के महत्वपूर्ण दस्तावेज भी शामिल थे। इन दस्तावेजों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड और बैंक पासबुक जैसी चीजें शामिल थीं, जिनके बिना सरकारी योजनाओं और बैंक सेवाओं का लाभ उठाना मुश्किल हो रहा था।ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर के प्राधिकृत अधिकारी श्री हरिस एस की विशेष पहल पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक लोहंडीगुड़ा ने गाँव में ही नवीन बैंक पासबुक का वितरण किया। इसके साथ ही आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अलनार ने माइक्रो एटीएम मशीन की व्यवस्था की है। इसके माध्यम से जिन किसानों के पास एटीएम कार्ड था, उन्हें तत्काल उनकी जरूरत के अनुसार नकदी का भुगतान किया जा रहा है। इस पहल से सबसे अधिक फायदा उन ग्रामीण परिवारों को हुआ है, जिनकी खेती-किसानी के लिए पैसे निकालने की सख्त जरूरत थी। नई पासबुक मिलने से वे अब अपने बैंक खाते से आसानी से रकम निकाल सकते हैं, जिससे उन्हें अपनी फसल और खेती से जुड़े कार्यों को फिर से शुरू करने में मदद मिलेगी। इस मुश्किल घड़ी में बैंक और समिति द्वारा किए गए इस प्रयास ने ग्रामीणों को एक बड़ा सहारा दिया है।

# जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही पर 10 ठेकेदारों को कलेक्टर ने किया ब्लैक लिस्टेड

**जगदलपुर 5 सितम्बर।** बस्तर जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही और धीमी प्रगति को लेकर के कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति हरिस एस ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर हरिस की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 10 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। यह निर्णय मंगलवार 02 सितंबर को कलेक्टर कार्यालय में हुई बैठक के दौरान लिया गया।बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि मिशन मोड में संचालित इस योजना के तहत सभी ठेकेदारों को अपने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई ठेकेदार या एजेंसी आगे भी लापरवाही बरतेगी या प्रगति में सुधार नहीं करेगी, तो उनके खिलाफ और सख्त कदम उठाए जाएंगे, जिसमें ब्लैक लिस्टिंग के अलावा वास्तविक प्रगति का मूल्यांकन और ठोस कार्रवाई शामिल होगी। कलेक्टर ने जोर देकर कहा, जल जीवन मिशन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान यह सामने आया कि ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों ने नोटिस जारी करने के बावजूद कार्यों में कोई प्रगति नहीं दिखाई। इन ठेकेदारों को 16 ग्रामों के टेंडर सौंपे गए थे, लेकिन उन्होंने कार्य शुरू नहीं किया या अधर में छोड़ दिया। ब्लैक लिस्टिंग का मुख्य आधार कार्यों में उदासीनता, समय पर पूर्ण न करना और योजना की भावना के विपरीत व्यवहार रहा। अमानत राशि राजसात कर ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों की सूची में यादव कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, गणपति सेल्स जगदलपुर, व्हीआर कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर,

# जीपीडीपी का ग्राम स्तर पर वास्तविक क्रियान्वयन जरूरी:निहारिका

**कांकेर, 5 सितंबर।** ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम (जीपीडीपी) के तहत निचले स्तर पर इसके बेहतर क्रियान्वयन हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत जिला प्रशासन एवं गैर शासकीय संगठन के संयुक्त के तत्वावधान में आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में विभिन्न प्रकार के बिंदुओं का समावेश कर स्वसहायता समूहों को अधिक सशक्त बनाने और योजनाओं के क्रियान्वयन में ग्राम पंचायतों की सक्रिय सहभागिता व समन्वय पर आधारित विस्तृत परिचर्चा हुई, जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, आयुक्त मनरेगा श्री तारण प्रकाश सिन्हा और संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती प्रियंका महोबिया ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया।

शहर के एक निजी होटल में जिला प्रशासन और 'प्रदान' संस्था के तत्वावधान में 'टुगेदर टुवर्ड्स ट्रांसफॉर्मेशन' विषय पर आयोजित कार्यशाला में डिस्कस पैनल के अंतर्गत परिचर्चा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती सिंह ने अपने वर्चुअली उद्बोधन में कहा कि जीपीडीपी का ग्राम स्तर पर वास्तविक क्रियान्वयन बहुत जरूरी है। जब तक ग्रामों में इसकी पहुंच सुनिश्चित नहीं होती, तब तक सही मायने में यह अधूरा है। उन्होंने जिले के नरहरपुर ब्लॉक में स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार की गई मैपिंग की प्रशंसा की। इसी तरह मनरेगा आयुक्त श्री सिन्हा ने कांकेर जिले में जीपीडीपी के उल्लेखनीय क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि प्राचीनकाल से ही बस्तर लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का केंद्र रहा है। संचालक श्रीमती महोबिया ने भी समूहों के सशक्तिकरण के लिए विभाग द्वारा तैयार की जा रही कार्ययोजना के संबंध में संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि पंचायतों को डिजिटल साक्षरता के तहत क्यूआर कोड भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान परिचर्चा में उपस्थित कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्रश्नोत्तरी सत्र के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि ग्राम पंचायतों की भूमिका सिर्फ निर्माण कार्यों पर केन्द्रित नहीं होनी चाहिए, अपितु समस्याओं एवं मांगों का स्थानीय स्तर पर निराकरण किया जाना भी जरूरी है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका जैसे मूलभूत कार्यों में सृजनात्मक एवं सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। कार्यशाला में कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीपीडीपी का वास्तविक क्रियान्वयन तभी संभव है।

# सर्वाधिक मतों जीतने पर रमन सिंह ने प्रदीप गांधी का सम्मान किया



**राजनांदगांव, 5 सितंबर।** विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह न दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब के चुनाव में राजनांदगांव के पूर्व सांसद प्रदीप गांधी द्वारा सर्वाधिक मतों से जीतने पर प्रदीप गांधी का सम्मान किया।रात 10ः00 बजे रमन सिंह एबिस ग्रीन होटल पहुंचे थे जहां पर प्रदीप गांधी का सम्मान किया गया। रमन सिंह मंच से पुरानी यादें ताज की। दिल्ली में कांस्टीट्यूशन क्लब का चुनाव हुआ जिसमें प्रदीप गांधी सर्वाधिक 500 मतों से अधिक मतों से विजय हुए है । कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के चुनाव में राज्यसभा सदस्य , पूर्व राज्यसभा सदस्य साथ हीपूर्व सांसद और वर्तमान सांसद वोट करते हैं। लोकसभा स्पीकर कांस्टीट्यूशन क्लब के पदेन अध्यक्ष होते हैं। और डिप्टी स्पीकर कांस्टीट्यूएंट क्लब के उपाध्यक्ष होते हैं। आपको बता दे एक समय प्रदीप गांधी जिला पंचायत अध्यक्ष थे और रमन सिंह विधायक थे उस समय कवर्धा राजनंदगांव जिले में आता था। मन सिंह ने बहुत सारी 1990 से लेकर अभी तक की पुरानी राजनीतिक बातों को याद किया रमन सिंह ने कहा की प्रदीप गांधी अजय योद्धा है। रमन सिंह 1995 के जिला पंचायत चुनाव की बात करते हुए रमन सिंह ने कहा जब कवर्धा जिला राजनांदगांव में था भाजपा का बहुमत नही था। लेकिन प्रदीप गांधी ने राजनीतिक होशियारी से भाजपा की सत्ता जिला पंचायत में बैठाई थी और 5 साल तक जिला पंचायत अध्यक्ष बना रहा। आगे रमन सिंह ने बात करते हुए कहा प्रदीप गांधी ने मेरे लिए विधानसभा सीट छोड़ी थी। उसके बाद में मुख्यमंत्री के रूप में विधायक बना था ।और रमन सिंह ने कहा मैंने लोकसभा सीट छोड़ी थी तब प्रदीप गांधी राजनांदगांव लोकसभा का सदस्य बने। आगे बात करते हुए रमन सिंह ने कहा कि जब मैं लोकसभा जीत कर दिल्ली गया थ तब प्रदीप गांधी ने भविष्यवाणी की थी डॉक्टर साहब आप केंद्रीय मंत्री बनने वाले हो और आधे घंटे बाद एक फोन आया जिसमें कहा आप कल मंत्री बनने की शपथ लेंगे । रमन सिंह को लगा कोई मेरे साथ मजाक कर रहा है यह 1999 का दौर था जब अटल बिहारी सरकार शपथ लेने वाली थी। पुरानी बात बताते हुए रमन सिंह ने कहा मुझे विश्वास नहीं हो रहा था फिर मैंने कुछ देर बाद एक बड़े भाजपा नेता को फोन लगाया तब मुझे कंफर्म हुआ कि मुझे कल मंत्री पद की शपथ लेनी है उसके बाद में 5 साल केंद्रीय मंत्री रहा रमन सिंह ने कहा प्रदीप गांधी सर्वाधिक वोट से जीतने वाले कांस्टीट्यूशन क्लब के सदस्य बने हैं। कांस्टीट्यूशन क्लब में पूर्व सांसद वर्तमान सांसद और राज्यसभा के पूर्व सांसद और वर्तमान सांसद वोट करते हैं उनको मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं। प्रदीप गांधी ने कहा मुझे कांस्टीट्यूशन क्लब में मिली सर्वाधिक मतों से जीत के बाद रमन सिंह सम्मान समारोह में आए थे उन्होंने अपनी पुरानी बातें याद की मैंने उनके लिए विधानसभा सीट छोड़ी थी और उन्होंने मुझे लोकसभा भेजा था दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में सर्वाधिक मतों से जीतने वाला सदस्य बना हूं।

रायपुर में भी एक कांस्टीट्यूशन क्लब के लिए जगह सरकार ने दी है जहां पर कांस्टीट्यूशन क्लब निर्माण किया जाएगा और छत्तीसगढ़ के वर्तमान सांसद पूर्व सांसद वर्तमान विधायक एवं पूर्व विधायक एक योजना बनाएंगे जिससे छत्तीसगढ़ के गरीब लोगों तक सरकार का लाभ पहुंच पाए ।

# 12 सितंबर को वृहद रोजगार मेला का आयोजन, 3 हजार पदों पर होगी भर्ती

**महासमुंद, 5 सितम्बर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, महासमुंद द्वारा शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 सितम्बर 2025 को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक होगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, मार्केटिंग, बीमा एजेंट, बीमा सखी, बैंक एजेंट, ग्रामीण बैंक मित्र, बैंक रिलेशनशिप मैनेजर, टेक्नीशियन, इलेक्ट्रिकल फिटर सहित विभिन्न पदों के लिए लगभग 3505 रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को मासिक वेतन 7 हजार से 32 हजार रुपए तक प्रदान किया जाएगा। इन पदों के लिए 8वीं से लेकर स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बी.ई. एवं एमबीए उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र होंगे।जिसमें एलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 250 पद, सुपरवाईजर एवं मार्केटिंग, असिस्टेंट सुपरवाईजर के 20-20 पद, एजेंट के 15 एवं फील्ड ऑफिसर के 15 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह बॉम्बे इंटिग्रेटेड सिक्युरिटी रायपुर द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 150 पद एवं सिक्युरिटी सुपरवाईजर के 10 पद पर, मन्त्रा सिक्युरिटी सर्विस रायपुर द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 70 पद एवं सुपरवाईजर के 10 पद, भारतीय जीवन बीमा निगम महासमुंद द्वारा बीमा सखी सुपरवाईजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं सिक्युरिटी गार्ड के 3-3 पद पर भर्ती की जाएगी।

# प्रभारी कलेक्टर ने कमार बस्ती में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं



**महासमुंद, 5 सितम्बर।** प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत नंदनवार आज ग्राम पंचायत भीमखोज के आश्रित ग्राम जोरातराई (कमार बस्ती) तथा खल्लारी पहुँचे। यहाँ उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन, बिहान, प्रधानमंत्री आवास योजना, निर्माण कार्य, मनरेगा एवं अन्य योजनाओं की जानकारी ली और स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर सीधी चर्चा की। चौपाल में उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं के लाभ, समस्याओं एवं सुझावों पर विचार-विमर्श किया और अधिकारियों को जनहित में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्हांने यहां बन रहे बहुउद्देशीय केन्द्र का भी निरीक्षण किया और जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस केन्द्र में कमार परिवारों के लिए एक ही छत के नीचे स्कूल, आंगनवाड़ी, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य आदि की सुविधाएं मुहैय्या कराई जाएगी। इस अवसर पर जनपद सीईओ श्री मंडावी, एवं ग्रामीण कमार परिवार मौजूद थे।

नंदनवार ने कहा कि शासन की योजनाएं सीधे आमजन तक पहुँचें, यही प्राथमिकता है। इसलिए सभी अधिकारी एवं मैदानी अमला योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता और पारदर्शिता बरतें, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।खल्लारी में उन्होंने आवास योजना एवं मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री नंदनवार ने ग्रामों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत स्व-सहायता समूहों से भी चर्चा की और उनके आर्थिक सशक्तिकरण तथा आजीविका संवर्धन की गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और उत्पादों की गुणवत्ता सुधार हेतु प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# राहत पंहुचाने के नाम पर खानापूर्ति कर रही सरकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,5 सितंबर।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन में प्रेसवार्ता को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज के द्वारा संबोधित किया गया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा पूरे बस्तर में पिछले एक हफ्ते में बारिश ने जो कहर बरपाया है। ऐसा मंजर पिछले 100 साल में देखने को नहीं मिला। यह बड़ी त्रासदी है जो बस्तर के लागों को झेलनी पड़ रही है। इस बरसात ने सड़कों, पुल-पुलियों को तबाह किया ही है, आम आदमी की रोजी-रोटी के साधन खेती-बाड़ी सभी बर्बाद हो गये है।

बाढ़ की स्थिति भयावह है लगातार तीन दिनों तक बस्तर दंतेवाड़ा एवं अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर हमने सभी जगह की स्थिति देखी लोग बहुत परेशानी में है खाना पीना दवाइयां कुछ भी नहीं उनके पास,घरों में रखा कपड़ा अनाज नगदी रुपया बच्चो के कापी किताब सब कुछ बह गया,बर्बाद हो गया।जीवन थम गया है लोगो के चेहरे में बेबसी लाचारी साफ दिख रही।हमने अनेकों राहत शिवरों का दौरा कर बाढ़ पीड़ित परिवारों की समस्याएं सुना और हाल-चाल जाना। दंतेवाड़ा भी गया था बाँगापाल, बड़े तुमनार, दंतेवाड़ा, आवराभाटा, सुरभि कॉलोनी, बालपेट (भैरमबद्) का दौरा किया।बालपेट हाई स्कूल व(भैरमबद्) के राहत शिविर भी गया था पीड़ितो से मुलाकात की। बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि जो राहत सामग्री मिल भी रहा है तो वो नाकाफी है। कुछ को मिला तो कुछ को नहीं।राहत पहुंचाने के नाम पर कर रहा केवल खानापूर्ति हो रहा, जिनका सबकुछ लुट गया उन्हें केवल 3 से 4 हजार की मदद दी जा रही है,राशन के नाम पर 4 - 5 लोगों के परिवार को केवल 100 ग्राम दाल और 3 किलो चावल दिया जा रहा,खाना बनाने का किचन का सारा समान तो बह गया माचिस की एक तिली भी नहीं है तो खाना कैसे बनेगा।बगैर बर्तन, गैस, लकड़ी, चूल्हा के ग्रामीणों को खाना बनाने में परेशानी हो रही है, पका हुआ खाना 3 बजे तक लोगो तक नहीं मिलरहा खाना बनवाने वाले अधिकारी कहते हैं कि खाना बना है पर बांटने की जिम्मेदारी उनकी नहीं,खाना जहां बनवा रहे वह गांव से तीन किमी दूर है ,खाना खाने उतना पैदल चल कर जाना होता है ,हेल्थ कैंप की व्यापक व्यवस्था नहीं..गर्भवती महिलाएं एवं अन्य ग्रामीण इलाज की तरस रहे है।दवाओं और इलाज की कमी से लोग बीमारी से जूझ रहे है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज ने कहा हमारी मांग है कि बस्तर के हालात को सामान्य होने में समय लगेगा। ऐसे समय यह आवश्यक है कि सरकार अपनी पूरी क्षमता का उपयोग क्षेत्र के अधोसंरचना के साथ-साथ यहां के आम आदमी की मदद में लगाये।हमारी मांग है कि बस्तर के बाढ़ प्रभावितों के लिए केंद्र और राज्य दोनों विशेष पैकेज की घोषणा करे.भाजपा डबल इंजन की सरकार का दंभ भरती है।हम मांग करते है राज्य सरकार बस्तर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के सर्वे के लिए केंद्र सरकार से मांग करे और केंद्र सरकार यहां के लिए विशेष राहत पैकेज दे।आज मुख्यमंत्री बस्तर दौरे पर आए है हम उनसे मांग करते है कि उनका दौरा सिर्फ खानापूर्ति न साबित हो ,राहत और मुआवजे की ठोस घोषणाएं की जाय उस पर त्वरित अमल भी हो,ऐसे समय जब बस्तर पर संकट था प्रदेश के मुखिया विदेश प्रवास पर थे।

# बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने किया आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,5 सितंबर।** बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत निर्मित आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण आज बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल द्वारा किया गया लगभग 8.00 लाख रुपए की लागत से तैयार इस नवनिर्मित भवन का उद्देश्य आदिवासी समाज को सामुदायिक कार्यक्रमों, बैठकों एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सुव्यवस्थित स्थल उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर विधायक श्री बघेल ने कहा कि बस्तर अंचल की समृद्ध आदिवासी परंपराओं और सामाजिक एकजुटता को सुदृढ़ करने हेतु शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं सामुदायिक भवन न केवल समाज के लिए सुविधाजनक स्थल साबित होगा, बल्कि यहां युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का भी अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं माता बहनें उपस्थित रहे सभी ने विधायक श्री बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भवन समाज के लिए एक नई पहचान बनेगा और आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ पहुंचाएगा। छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित डी.एम.एफ.टी. योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मालगांव में बुनियादी सुविधाओं के विकास को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है इसी कड़ी में हॉस्पिटल से कुश घर तक 350 मीटर लंबे सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस सड़क निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा 11.95 लाख रुपये की स्वीकृति राशि प्रदाय की गई है सड़क निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वहीं अस्पताल तक पहुँचने में ग्रामीणों को होने वाली कठिनाइयों का समाधान भी होगा। भूमिपूजन अवसर पर विधायक श्री बघेल ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण उनकी प्राथमिकता है डी.एम.एफ.टी. निधि का उपयोग क्षेत्र के विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना को मजबूत करने में किया जा रहा है उन्होंने कहा कि सड़क के निर्माण से न केवल लोगों का आवागमन सरल होगा बल्कि ग्राम के समग्र विकास में भी यह महत्वपूर्ण साबित होगा। इस दौरान मौजूद रहें तुलाराम सेठिया, कार्तिक कश्यप,कमला बाई, झूमुक,सरपंच लक्ष्मी गोयल, जनपद सदस्य गजेंद्र ठाकुर, उपसरपंच हेमलता ठाकुर,तुलसीराम ठाकुर लखेश्वर कश्यप , पूर्व सरपंच घरम गोयल, डमरूधर बघेल, जगमोहन बघेल, लल्लू राम बघेल, उदय नाथ ठाकुर कुस्नु गोयल, विमल बघेल,फुलमती कश्यप, डाकेशवरी कश्यप,जोगेश्वर ठाकुर, गदाधर ठाकुर मोनो राम कश्यप , समाज अध्यक्ष तुलसी राम भद्रे, तुला राम कश्यप,नम्रता कश्यप भोगबती ठाकुर,राजेश कुमार, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर,एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### धमतरी में अधिवक्ताओं का आभार कार्यक्रम आयोजित

**अंवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद निर्वाचन 2025 में धमतरी जिला अधिवक्ता संघ के 255 अधिवक्ताओं को पुनः मताधिकार प्राप्त होने पर अधिवक्ताओं में अपार हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। दरअसल, प्रारंभिक सूची में शामिल इन 255 अधिवक्ताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची से हटाए जाने पर संघ के अध्यक्ष भुनेश्वर सिन्हा, सचिव सचिन सौरव मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने तत्परता और मजबूती से चुनाव समिति के समक्ष पक्ष रखते हुए आवेदन प्रस्तुत किया। उनके अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप सभी अधिवक्ताओं का मताधिकार बहाल हुआ।

एक नजर

### रॉस टेलर ने संन्यास से वापसी की: समोआ के लिए खेलेंगे टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर टूर्नामेंट



**वेलिंगटन, 5 सितम्बर (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान रॉस टेलर ने संन्यास से वापसी कर ली है। हालांकि अब वे न्यूजीलैंड के बजाए समोआ की तरफसे खेलेंगे। 41 साल के मिडिल ऑर्डर बैटर टेलर आगामी ईस्ट एशिया-पैसिफिक टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के क्वालिफायर टूर्नामेंट में समोआ की ओर से खेलेंगे। न्यूजीलैंड के इस बल्लेबाज की मां समोआ से हैं, जिसके कारण उन्हें वहां का पासपोर्ट मिला है। टेलर ने साल 2022 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था। वे अप्रैल 2022 में न्यूजीलैंड के लिए आखिरी बार खेले थे। ऐसे में उनका तीन साल का कूलिंग ऑफपीरियड भी पूरा हो गया है और अब वे समोआ के लिए एलिजिबल हैं। मैं क्रिकेट में नीली जर्सी पहनकर समोआ का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं टेलर ने इसकी जानकारी अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर दी है। उन्होंने लिखा, अब यह आधिकारिक है। मुझे गर्व है कि मैं क्रिकेट में नीली जर्सी पहनकर समोआ का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। यह ना सिर्फमेरे पसंदीदा खेल में मेरी वापसी है, बल्कि अपनी विरासत, संस्कृति, गांव और परिवार का प्रतिनिधित्व करने का बड़ा सम्मान भी है। मैं इस अवसर के लिए उत्साहित हूं।

# इंग्लैंड में साउथ अफ्रीका 27 साल बाद वनडे सीरीज जीता

## तीसरे मैच में 5 रन से हराया, ब्रीट्जके की लगातार पांचवें मैच में फिफ्टी

**लॉर्ड्स, 5 सितम्बर (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने दूसरे वनडे में इंग्लैंड को 5 रन से हरा दिया। टीम को तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त मिल गई और सीरीज अपने नाम कर ली। इसी के साथ साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड में 27 साल बाद वनडे सीरीज जीत ली है। इससे पहले, आखिरी बार 1998 में जीती थी। गुरुवार को लॉर्ड्स में खेले गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 330 रन बनाए। 331 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 50 ओवर में 9 विकेट पर 325 रन ही बना सकी और 5 रन से मैच हार गई। साउथ अफ्रीका की ओर से मैथ्यू ब्रीट्जके (85) और ने ट्रिस्टन स्टब्स (58) ने अर्धशतक लगाए। ब्रीट्जके इस पारी के साथ ही वनडे में अपने पहले पांच मैचों में लगातार 50+ रन बनाने वाले वर्ल्ड के पहले खिलाड़ी बन गए।

**ब्रीट्जके-स्टब्स के बीच 147 रन की साझेदारी हुई :** इंग्लिस टीम ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 330 रन बनाए और इंग्लैंड को 331 रन का टारगेट दिया। टीम के लिए मैथ्यू ब्रीट्जके ने 85, ट्रिस्टन स्टब्स ने 58 और डेवाल्ड ब्रेविस ने महज 20 बॉल पर 4रन बनाए। रयान रिकेल्टन ने 35 और कॉर्बिन बॉश ने नाबाद 32 रन बनाए। ब्रीट्जके और स्टब्स के बीच चौथे विकेट के लिए 126 बॉल पर 147 रन की साझेदारी हुई। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 4 विकेट झटके। आदिल रशीद ने 2 विकेट लिए। जैकब बेथल को 1 विकेट मिला।




### इंग्लैंड टीम की ओर से भी तीन अर्धशतक लगे

टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम की ओर से भी तीन अर्धशतक लगे। हालांकि, टीम महज 5 रन से मुकाबला हार गई। जो रूट ने 61, जोस बटलर ने 61 और जैकब बेथल ने 58 रन की पारी खेली। विल जैक्स ने 39 और हैरी ब्रूक ने 33 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका की तरफसे नांद्रे बर्गर ने तीन और केशव महाराज ने 2 विकेट लिए। लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश और सेनुरन मुथुसामी को 1-1 विकेट मिला।

### टीम इंडिया दुबई के लिए रवाना

# 9 सितंबर से खेला जाएगा क्रिकेट एशिया कप, भारत का पहला मैच यूएई से 10 को



**मुम्बई, 5 सितम्बर (एजेंसी)।** भारतीय टीम क्रिकेट एशिया कप 2025 के लिए गुरुवार को दुबई रवाना हो गई। टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, हेड कोच गौतम गंभीर और हार्दिक पंड्या गुरुवार को मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए।

टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होकर 28 सितंबर तक चलेगा। भारत 10 सितंबर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को मिली है, लेकिन भारत-पाकिस्तान के खराब संबंध के कारण यह न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा।

भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ1-1 मैच खेलेंगी।

### भारत का पहला मैच यूएई से

भारत 10 सितंबर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है।

### पिछला एशिया कप पाक ने होस्ट किया था

एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। हालांकि, भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था, तब यह हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था। भारत के सभी मैच श्रीलंका में हुए थे। भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 का खिताब जीता था।

### भारत ने 8 बार जीता एशिया कप

एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

# पाक ने यूएई को 31 रनों से हराया

- ट्राई-सीरीज के फाइनल में जगह पक्की की फखर ने 77 रन और अबरार ने 4 विकेट लिए




**शारजहां, 5 सितम्बर (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने गुरुवार को शारजाह में खेले गए मुकाबले में यूएई को 31 रनों से हराकर टी-20 ट्राई-सीरीज के फाइनल में जगह पक्की कर ली। इस जीत में फखर जमान की 77 रनों की पारी और अबरार अहमद के 9 रन देकर 4 विकेट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 171 रन बनाए। 172 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ,श्व ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 132 रन ही बना सकी।

**फखर-नवाज ने पाकिस्तानी पारी को संभाला :** पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। साहिबजादा फरहान ने तेज शुरुआत की, लेकिन इसे बड़े स्कोर में नहीं बदल सके और कैच आउट होकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने 11 गेंदों पर 16 रन बनाए। यह लगातार चौथा मैच था जब फरहान अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाए। इसके बाद सैम अयूब भी जल्दी आउट हो गए। पावरप्ले के बाद पाकिस्तान का स्कोर 50 रन पर 3 विकेट था। स्थिति तब और खराब हो गई जब टीम ने 80 रन तक पहुंचते-पहुंचते 5 विकेट गंवा दिए। ऐसे में फखर जमान और मोहम्मद नवाज ने पारी को संभाला। दोनों ने आखिरी चार ओवरों में मिलकर 69 रन जोड़े। 19वें ओवर में मोहम्मद नवाज ने जुनैद सिद्दीकी को लगातार दो चौके और दो छक्के लगाए, जबकि फखर जमान ने अंतिम ओवर में लगातार पांच बाउंड्री लगाकर टीम का स्कोर 171 तक पहुँचा दिया। आखिरी पाँच ओवरों में पाकिस्तान ने कुल 74 रन बनाए, जिनमें से केवल अंतिम दो ओवरों में ही 42 रन आए।

# यूएस ओपन के सेमीफाइनल में हारे युकी भांबरी

## फिर भी हुए मालामाल, विनर को मिलेगी छप्पर फाड़ राशि



**यूएस ओपन डबल्स प्राइज मनी**

- **विजेता:** 1,000,000 डॉलर करीब 8.8 करोड़ रुपए
- **रनर-अप:** 500,000 डॉलर करीब 4.4 करोड़ रुपए
- **सेमीफाइनलिस्ट:** 250,000 डॉलर करीब 2.2 करोड़ रुपए
- **क्वार्टरफाइनलिस्ट:** 125,000 डॉलर करीब 1.1 करोड़ रुपए
- **थर्ड राउंड:** 75,000 डॉलर करीब 66 लाख रुपए
- **सेकंड राउंड:** 45,000 डॉलर करीब 39.6 लाख रुपए
- **फर्स्ट राउंड:** 30,000 डॉलर करीब 26.4 लाख रुपए।

**न्यूयार्क, 5 सितम्बर (एजेंसी)।** ब्रिटेन के जो सालिसबरी और नील स्कुप्स्की ने भारत के युकी भांबरी और माइकल वीनस को रोमांचक यूएस ओपन सेमीफाइनल में हराया. पहला सेट गंवाने के बाद ब्रिटिश जोड़ी ने वापसी करते हुए 6(2)-7, 7-6(5), 6-4 से जीत दर्ज की. यूएस ओपन के मेन्स डब्ल्स सेमीफाइनल में भारत के युकी भांबरी और उनके न्यूजीलैंड साथी माइकल वीनस को ब्रिटिश जोड़ी जो सालिसबरी और नील स्कुप्स्की ने शुक्रवार को हराया. कड़े मुकाबले में सालिसबरी और स्कुप्स्की ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6(2)-7, 7-6(5), 6-4 से जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई. इस जीत के साथ ब्रिटिश जोड़ी ने फ्लशिंग मीडोज में हार्ड कोर्ट ग्रैंड स्लैम इवेंट के फाइनल में जगह बना ली. पहले सेट में दोनों टीमें 3-3 की बराबरी पर थीं, इसके बाद भारत और कीवी जोड़ी ने बढ़त बनाई और आखिरकार सेट को टाई-ब्रेक तक ले गई. भांबरी और वीनस ने पहला सेट टाई-ब्रेक जोरदार अंदाज में 7-2 से अपने नाम किया.

दूसरे सेट में भी भांबरी-वीनस ने शुरुआती बढ़त ली, लेकिन सालिसबरी और स्कुप्स्की ने वापसी कर मैच को एक और टाई-ब्रेक तक पहुंचाया और इस बार ब्रिटिश जोड़ी ने जीत हासिल कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया. निर्णायक तीसरा सेट ब्रिटिश जोड़ी के नाम रहा, जिन्होंने 6-4 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह पक्की की. भांबरी और वीनस ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया. उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन को 6-0, 6-3 से हराकर की थी. दूसरे राउंड में भी उनका प्रदर्शन दमदार रहा, जहां उन्होंने गोंजालो एस्कोबार और मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला को 6-1, 7-5 से मात दी. भारतीय-कीवी जोड़ी ने इसके बाद राउंड ऑफ16 में जर्मनी की टीम टिम पुट्ज् और केविन क्राविट्ज को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया. क्वार्टरफाइनल में उन्होंने मेक्टिक और राम को मात देकर सेमीफाइनल में ब्रिटिश जोड़ी से भिड़ंत तय की थी.

### सबालेंका अमेरिकी ओपन में लगातार दूसरे खिताब से एक जीत दूर



पिछली चैंपियन एरिना सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके जेसिका पेगुला को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में लगातार दूसरे खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं। फाइनल में उनका मुकाबला अमांडा एनिसिमोवा से होगा जिन्होंने गुरुवार को ही दूसरे सेमीफाइनल में नाओमी ओसाका को शिकस्त दी। एरिना सबालेंका और जेसिका पेगुला के बीच ही पिछले साल का फाइनल हुआ था। तब पेगुला को हार का सामना करना पड़ा था। इस बार उनके सामने सेमीफाइनल में सबालेंका को हराकर पिछली खिताबी हार का बदला चुकता करने का मौका था, लेकिन वह चूक गईं। सबालेंका ने गुरुवार रात को अपने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए पेगुला पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की।

## व्यापार

# जीएसटी सुधारों से वाहनों की कीमतों में 8.5% तक की कमी आ सकती है : क्रिसिल

**नई दिल्ली, 5 सितम्बर (एजेंसी)।** केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) स्ट्रक्चर में तीन स्लैब 5 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 40 प्रतिशत का बदलाव का फैसला ऑटोमोबाइल उद्योग और ग्राहकों के लिए फायदेमंद साबित होगा। गुरुवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, इस उद्योग के सभी सेगमेंट में कीमतें 8.5 प्रतिशत तक कम हो जाएंगी।

क्रिसिल इंटेलिजेंस की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनल कम्बशन इंजन (आईसीई) और हाइब्रिड वाहनों के मामले में, 1,200 सीसी से कम पेट्रोल या 1,500 सीसी से कम डीजल इंजन वाले एंट्री-लेवल हैचबैक, प्रीमियम हैचबैक, कॉम्पैक्ट सेडान और सब-कॉम्पैक्ट स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल्स (एसयूवी) की कीमतों में लगभग 8.5 प्रतिशत की गिरावट आएगी।

इस बीच, 1,500 सीसी से कम क्षमता वाली बड़ी सेडान, कॉम्पैक्ट एसयूवी, मिड-एसयूवी और बहुउद्देश्यीय वाहनों (एमपीवी) की कीमतों में लगभग 3.5 प्रतिशत की कमी आएगी। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि 1,500 सीसी से अधिक इंजन वाली प्रीमियम एसयूवी और एमपीवी की कीमतों में लगभग 6.7 प्रतिशत की गिरावट आएगी।

आईसीई दोपहिया वाहनों के मामले में, एक को छोड़कर लगभग सभी श्रेणियों की कीमतों में लगभग 7.8 प्रतिशत की कमी आएगी। रिपोर्ट में कहा गया है, 350 सीसी से अधिक इंजन वाले प्रीमियम दोपहिया वाहनों की कीमतों में लगभग 6.9 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

आईसीई ट्रैक्टरों और हाइड्रोजन वाहनों सहित ईंधन सेल मोटर वाहनों के मामले में, कीमतों में लगभग 6.3 प्रतिशत की गिरावट आएगी। रिपोर्ट के अनुसार, इस बीच, तिपहिया वाहनों, एलसीवी, एमएचसीवी और बसों की कीमतों



में लगभग 7.8 प्रतिशत की कमी आएगी।

विभिन्न क्षेत्रों के उपरोक्त विश्लेषण में ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माताओं से मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) तक जीएसटी कटौती के रूप में होने वाले किसी भी प्रभाव पर विचार नहीं किया गया है, क्योंकि सभी ऑटोमोटिव कंपोनेंट को 18 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है। घरेलू बिक्री के दृष्टिकोण से, वित्त वर्ष 2026 में, पीवी में मामूली वृद्धि (कम एकल-अंकीय वृद्धि) देखी जा सकती है, जबकि दोपहिया वाहनों में उच्च एकल-अंकीय वृद्धि देखी जा सकती है। ट्रैक्टरों में 4-7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ निरंतर खिंचाव देखने को मिलेगा, जबकि सीवी में सपाट से लेकर थोड़ी सकारात्मक वृद्धि देखने को मिल सकती है।

ऑटोमोबाइल उद्योग में, इलेक्ट्रिक वाहनों पर 5 प्रतिशत कर लगता रहेगा, जबकि अन्य क्षेत्रों में कर की दर में संशोधन कर इसे 18 प्रतिशत या 40 प्रतिशत कर दिया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट सेगमेंट को भी लाभ होगा क्योंकि सभी कंपोनेंट अब 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के अंतर्गत आ जाएंगे, जिससे 28 प्रतिशत कर वाले कंपोनेंट की कीमतों में लगभग 7.8 प्रतिशत की कमी आएगी।

इस बीच, किआ डीलर, एसएएस किआ के जनरल मैनेजर राघवेंद्र सिंह ने न्यूज़ एजेंसी से कहा कि जीएसटी के नए रेट्स 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे, जो कि नवरात्रि का भी पहला दिन है। ग्राहक इस समय का खरीदारी के लिए इंतजार करते हैं। फेस्टिव सीजन में जीएसटी कटौती की यह खबर सोने पर सुहागा है क्योंकि कीमतें कम होंगी तो इस फैसले का सीधा प्रभाव गाड़ियों की बिक्री बढ़ने के रूप में दिखेगा।

वहीं, रेनॉल्ट इंडिया के प्रबंध निदेशक वेंकटराम मामिलपल?ले ने कहा कि यह कदम भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक सुधार है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र के लिए, यह कदम परिवर्तनकारी है। एंट्री लेवल कार सेगमेंट (1200 सीसी से कम पेट्रोल और 1500 सीसी से कम डीजल) पर जीएसटी में 28 प्रतिशत से 18 प्रतिशत की कटौती और ऑटो कंपोनेंट्स के लिए 18 प्रतिशत की एक समान दर, व्यक्तिगत गतिशीलता को आम जनता के लिए काफी अधिक किफायती बनाती है।(इनपुट-आईएएनएस)

### डिजिटल भारत का नया रिकार्ड

# इंटरनेट यूज़र्स की संख्या 100 करोड़ के पार

**नई दिल्ली, 5 सितम्बर (एजेंसी)।** ब्रॉडबैंड ग्रोथ के कारण भारत में इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या 30 जून, 2025 तक 1 अरब को पार कर 1,002.85 मिलियन हो गई, जो मार्च की तुलना में 3.48 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, इन 100 करोड़ से अधिक ग्राहकों में से 4.47 करोड़ के पास वायर्ड इंटरनेट कनेक्शन थे, जबकि 95.81 करोड़ के पास वायरलेस कनेक्शन थे।

ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या 3.77 प्रतिशत बढ़कर 979.71 मिलियन हो गई, जबकि नैरोबैंड यूजर्स की संख्या घटकर 23.14 मिलियन रह गई

ब्रॉडबैंड सब्सक्राइबर्स की संख्या 3.77 प्रतिशत बढ़कर 979.71 मिलियन हो गई, जबकि नैरोबैंड यूजर्स की संख्या घटकर 23.14 मिलियन रह गई। जून



तिमाही में कुल टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 1,218.36 मिलियन तक पहुंच गई, जो पिछली तिमाही की तुलना में 1.46 प्रतिशत अधिक है।

आधिकारिक प्रेस रिलीज में कहा गया है कि इससे कुल दूरसंचार घनत्व बढ़कर 86.09 प्रतिशत हो गया, जो पिछली तिमाही में 85.04 प्रतिशत था

आधिकारिक प्रेस रिलीज में कहा गया है कि इससे कुल दूरसंचार घनत्व बढ़कर 86.09 प्रतिशत हो गया, जो पिछली तिमाही में 85.04 प्रतिशत था। जनसांख्यिकी के संदर्भ में, शहरी इंटरनेट ग्राहकों की संख्या लगभग 57.94 करोड़ है, जबकि ग्रामीण इंटरनेट ग्राहकों की संख्या 42.33 करोड़ है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम. (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं. 202509082200001
अ/20(4), वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भुनेश्वरी साहू पिता मालिक राम कवर्धा साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नगर कवर्धा स्थित भूमि खसरा नंबर 271/39 रकबा 0.0220 हे. जो अभिलेख भुनेश्वरी साहू पिता मालिक राम साकिन कवर्धा के नाम पर अभिलेख में दर्ज है। जिसमें से आवेदिका के द्वारा क्षेत्रफल 91.68 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 18/9/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 4/9/2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांक :-4/9/2025**
**पेशी दिनांक 18/9/2025**

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**कबीरधाम**

# 5 टुकड़ों में बंटेगा अडाणी ग्रुप का मल्टीबैगर स्टॉक

## बोर्ड ने दी मंजूरी, 5 साल में दे चुका 1500% रिटर्न

**मुम्बई, 5 सितम्बर (एजेंसी)।** अदाणी ग्रुप की बिजली कंपनी अदाणी पावर अपने निवेशकों को बड़ा तोहफा देने जा रही है। थर्मल और सोलर प्लांट्स के जरिये बिजली उत्पादन करने वाली यह कंपनी अपने शेयरों को 5 टुकड़ों में बांटेगी। इसके लिए कंपनी को बोर्ड की तरफ से मजूरी भी मिल गई है। वर्तमान में अदाणी पावर के शेयर का प्राइस 600 रुपये से ऊपर है।

अदाणी पावर ने शुक्रवार को बताया कि अपने शेयरों का 1:5 की रेश्यो में बंटवारा करेगी। इसका मतलब है कि हर एक इक्विटी शेयर को 2 रुपये के फेस वैल्यू पर 5 हिस्सों में बांटा जाएगा। हालांकि, शेयर की कुल होल्डिंग वैल्यू वही रहेगी।

अदाणी पावर ने रेगुलटरी फाईलिंग में बताया, 1 अगस्त, 2025 को हुई बोर्ड बैठक में स्टॉक स्प्लिट को मंजूरी दी गई थी। इसका उद्देश्य रिटेल और छोटे निवेशकों की भागीदारी को बढ़ाना है। कंपनी ने यह भी बताया किया कि इक्विटी शेयरों के बंटवारे से ऑथराइज, इश्यूड, सब्सक्राइब्ड और पेड आप कैपिटल में कोई बदलाव नहीं होगा। यह प्रस्ताव जरुरी मेजोरिटी के साथ पारित माना गया है। यह जानकारी 1 अगस्त को जारी पोस्टल बैलट नोटिस में दी गई थी। वोटिंग की अवधि 6 अगस्त को सुबह 9 बजे शुरू हुई थी और 4 सितंबर को शाम 5 बजे समाप्त हुई। नोटिस के अनुसार, 10 रुपये वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर को डिवाइड कर पूरी तरह से पेड़ 5 इक्विटी शेयरों में बदला जाएगा। हर शेयर का फेस वैल्यू 2 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। अदाणी पावर के शेयरों में हाल फिलहाल में बढ़त देखने को मिली है। एक महीने में शेयर करीब 5 फीसदी चढ़ा है। तीन महीने में शेयर में 10 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है। छह महीने में स्टॉक लगभग 20 फीसदी चढ़ा है। हालांकि, एक साल में स्टॉक ने 6 फीसदी की गिरावट आई है। जबकि दो साल में स्टॉक ने 76त्न, तीन साल में 55 प्रतिशत और पांच साल में 1505त्न का तगड़ा रिटर्न दिया है।

### मॉनिटरी ट्रांसमिशन का नया तरीका

# उधारी में सफलता का रोडमैप

**मुम्बई, 5 सितम्बर (एजेंसी)।** विभिन्न परिपक्वता अवधि वाले सभी बॉन्ड (सरकारी प्रतिभूतियां, राज्य विकास ऋण और कॉरपोरेट बॉन्ड) पर यील्ड बढ़ती जा रही हैं। इसके साथ, सरकारी प्रतिभूतियों और एसडीएल एवं कॉरपोरेट बॉन्ड के बीच यील्ड का अंतर (स्प्रेड) भी बढ़ता जा रहा है।खबरों के अनुसार पिछले सप्ताह कम से कम दो कंपनियों आवासीय एवं शहरी विकास निगम लिमिटेड (हुडको) और बजाज फाइनैंस लिमिटेड ने बाजार से रकम जुटाने की योजना ठंडे बस्ते में डाल दी क्योंकि यील्ड उनके हिसाब से काफी अधिक हो गई थीं। बॉन्ड बाजार के मौजूदा हालात पर विचार करने से पहले हम यह समझ लेते हैं ऐसे हालात आखिर क्यों बने हैं। जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति 1.55 फीसदी बढ़ी जो पिछले 8 वर्षों की सबसे सुस्त बढ़ोतरी थी। खुदरा मुद्रास्फीति लगातार पांचवें महीने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लक्ष्य 4 फीसदी (2 प्रतिशत घट-बढ़) से नीचे रही। वर्ष 2019 के बाद यह पहला अवसर था जब खुदरा मुद्रास्फीति आरबीआई के लक्ष्य से नीचे ही सिमट कर रह गई। आरबीआई ने फरवरी और जून के बीच रीपो दर 6.5 फीसदी से घटाकर 5.5 फीसदी कर दी। केंद्रीय बैंक द्वारा नकद आरक्षी अनुपात में 1 फीसदी कटौती का फैसला 6 सितंबर से शुरू होने वाले पखवाड़े में प्रभावी हो जाएगा। इस कटौती से बैंकिंग प्रणाली में 2.5 लाख करोड़ रुपये आ जाएंगे। आदर्श रूप में इस तरह की पृष्ठभूमि में बॉन्ड यील्ड में कमी आनी चाहिए जिससे ट्रेजरी प्रबंधकों को खुश होना चाहिए। मगर ट्रेजरी कार्यालयों में बॉन्ड डीलरों के चेहरे पर हवाइयां उड़ रही हैं। वे सभी अपने नुकसान की भरपाई करने में जुटे हैं। गत 26 अगस्त को 10 साल की अवधि के सरकारी बॉन्ड पर यील्ड कारोबार के दौरान 6.65 फीसदी तक पहुंच गई और बाद में 6.60 फीसदी पर बंद हुई। चालू वित्त वर्ष में यह यील्ड सबसे अधिक है।

**कार्यालय, नगर पालिका निगम, रिसाली (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

**क्रमांक/लो.क.वि./2025/1016** **रिसाली, दिनांक 03/09/25**

नगर पालिक निगम भिलाई रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PUMPING ARRANGEMENT FOR SEWAGE OF TALPURI AREA TO EXISTING PUMPING STATION OF BSP. (2nd call) | 174750 | 18587180.00 | 18-09-2025 |

(नोटः- ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**रिसाली**

## एक नजर

### सीएम साय ने ईद मिलादुन्नबी पर दी शुभकामनाएँ



**रायपुर, 5 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों विशेषकर मुस्लिम धर्मावलंबियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।

### ईदे मिलादुन्नबी की मुबारक बाद : बैज

**रायपुर, 5 सितंबर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने ईदे मिलादुन्नबी की बधाई देते हुए कहा



कि पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन ईद-ए-मिलाद उन नबी के पावन अवसर पर प्रदेश की जनता को बधाई मुबारकबाद। इस पावन दिन पर पैगम्बर मोहम्मद की शिक्षाओं का प्रकाश सभी को शांति और सद्भाव की ओर ले जाये।

**बस्तर में बाढ़ पीड़ितों की सहायता में आगे आये:** बस्तर में बारिश में आई भीषण आपदा पर चिंता प्रकट करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह समय बस्तर के लोगों के साथ एकजुटता दिखाने का है। कांग्रेस पार्टी बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए राहत सामग्री भेज रही है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि बस्तरवासियों की मदद के लिए आगे आये तथा मुक्तहस्त से सहायता करे।

### ईद मिलादुन्नबी पर निकला राजधानी में जुलूस

**रायपुर, 5 सितंबर।** राजधानी में आज ईद मिलादुन्नबी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा एक भव्य जुलूस निकाला गया जो कि विभिन्न मार्गो से होते हुए सीरत मैदान बैजनाथ पारा पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार आज राजधानी में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मालवीय रोड जीई रोड तथा सदर बाजार से एक जुलूस निकला इस अवसर पर मुस्लिम समाज के विभिन्न संगठनों ने जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत पुष्पवर्षा से किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई दी है।

### राज्य में हल्की से मध्यम वर्षा होने की चेतावनी दी मौसम विभाग ने



**रायपुर, 5 सितंबर।** मौसम विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र छग और मप्र के ऊपर निर्मित होने के कारण आज और कल मध्यम एवं हल्की वर्षा होने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. चंद्रा से मिली जानकारी के अनुसार चक्रीय चक्रवात और मानसून द्रोणिका के कारण यह दक्षिण पश्चिम की ओर सक्रिय है। जिसके चलते मप्र में इस समय भारी वर्षा हो रही है। वहीं दक्षिणी छग में भी भारी से अति भारी वर्षा होगी। यहां पर वज्रपात होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर छत्तीसगढ़ और उससे लगे पूर्व मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित है, इसके साथ ऊपरि हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है तथा यह दक्षिण पश्चिम की ओर ऊंचाई के साथ झुका हुआ है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, कोटा, नर्मदापुरम, शिवानी, दुर्ग, निम्न दाब के केंद्र, चांदबाली और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होना अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

## राजधानी में गणेशोत्सव



श्री शीतला गणेशोत्सव समिति मठपारा



श्री विनायक गणेशोत्सव समिति मठपारा



श्री बालाजी बाल गणेशोत्सव समिति मठपारा

# 14 के फेर में पड़ी कांग्रेस, साय सरकार में मंत्रियों की संख्या पर हाईकोर्ट में दायर की याचिका

**रायपुर, 5 सितम्बर।** साय सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार का मामला एक बार फिर से हाईकोर्ट में पहुंच गया है. अबकी बार कांग्रेस ने 11 से मंत्रियों की संख्या 14 किए जाने के खिलाफ याचिका लगाई है, जिस पर आगामी सोमवार को सुनवाई होगी.

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार में मंत्रियों की संख्या में लंबे इंतजार के बाद 20 अगस्त को 11 से बढ़ाकर 14 हुई है. नए मंत्रियों के तौर पर पहली बार विधायक बने गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब और राजेश अग्रवाल ने शपथ ली थी. इस पर बसदेव चक्रवर्ती ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर सामान्य प्रशासन विभाग, मुख्यमंत्री सहित सभी 14 मंत्रियों को पक्षकार बनाया गया है. मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में शुरू भी हो चुकी है.

अबकी बार कांग्रेस की ओर से पार्टी के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने याचिका दायर की है. याचिका दायर करने से पहले ही कांग्रेस ने मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सार्वजनिक रूप से अपनी

### सोमवार को होगी सुनवाई



आपत्ति दर्ज करा चुकी है.

कांग्रेस का तर्क है कि मंत्रियों की संख्या विधानसभा में कुल सीटों के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती. छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटों के हिसाब से यह संख्या अधिकतम 13.50 यानी 13 मंत्री होनी चाहिए. लेकिन 20 अगस्त को तीन नए मंत्री बनाए जाने के बाद कैबिनेट में अब 14 सदस्य हो गए हैं, जो इस सीमा से अधिक है. कांग्रेस का कहना है कि यह संविधान के अनुच्छेद 164 (1 क) का उल्लंघन है.

### बस्तर में टूटी पुलिया, जान जोखिम में डाल स्कूल जा रहे बच्चे हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब, कहा : ऐसी स्थिति बर्दाश्त नहीं

बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और आसपास के जिलों में बच्चे टूटी पुलिया और उफनती नदी पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं। इसे लेकर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की है। कोर्ट ने कहा है कि यह बच्चों की जिंदगी से जुड़ा संवेदनशील मामला है और लंबे समय तक ऐसी स्थिति बर्दाश्त नहीं की जा सकती। मामले में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति विभू दत्त गुरु की डीबी ने सुनवाई करते हुए इस गंभीर मामले पर राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं। मामले में अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी। मामला मीडिया रिपोर्ट के बाद सामने आया था, जिसमें स्कूली बच्चों की तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए। बच्चे पानी से भरे नदी पार कर स्कूल पहुंच रहे थे। कोर्ट ने इसे बच्चों की जान से जुड़ा मामला मानते हुए स्वतः संज्ञान में लिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार को बड़े पुल के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। तकनीकी जांच के बाद 12 बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया था। कांकेर कलेक्टर ने जवाब भेजकर प्रस्ताव संशोधित किया है। 20 अगस्त 2025 को संशोधित डीपीआर गृह मंत्रालय, भारत सरकार को भेज दी गई है। मंजूरी मिलते ही निविदा प्रक्रिया पूरी कर पुल निर्माण का काम शुरू किया जाएगा। हाईकोर्ट ने कहा कि बच्चे जान जोखिम में डालकर नदी पार कर स्कूल जाते हैं। यह स्थिति असहनीय है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह केंद्र से हुई बातचीत और अब तक की कार्रवाई पर नया हलफनामा दाखिल करे।

# आबकारी अधिकारी ने मारा तमाचा, वीडियो वायरल

### 60 हजार मांगने का आरोप, 25000 लिए!

**रायपुर, 5 सितम्बर।** तिल्दा की एक शराब दुकान में ओवररेट शराब बेचने और अवैध वसूली को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है. आबकारी विभाग के संभागीय उड़नदस्ता अधिकारी उत्तम भारद्वाज पर दुकान के सुपरवाइजर को थप्पड़ मारने और गाली-गलौज करने का गंभीर आरोप लगा है. इतना ही नहीं, अधिकारी ने कर्मचारियों से 60 हजार रुपये की मांग की, और अंततः 25 हजार रुपये लेकर माने. इस घटना की लिखित शिकायत दुकान के सेल्समैन ने दर्ज कराई है, जिसके आधार पर जांच शुरू हो गई है. अधिकारी के तमाचा मारने का भी वीडियो सामने आया है.

घटना 2 सितंबर की है, जब आबकारी विभाग के उड़नदस्ता अधिकारी उत्तम भारद्वाज तिल्दा की शराब दुकान पर पहुंचे. आरोप है कि अधिकारी ने दुकान के कर्मचारियों पर ओवररेट में शराब बेचने का इल्जाम लगाया और 60 हजार रुपये की मांग की. दुकान के सुपरवाइजर मधु राय ने इसका विरोध करते हुए कहा कि वे निर्धारित कीमत पर ही शराब बेच रहे हैं और किसी भी तरह की अवैध वसूली में शामिल नहीं हैं. इस जवाब से नाराज अधिकारी ने सुपरवाइजर के साथ बहस शुरू कर दी, जो जल्द ही हिंसक रूप ले लिया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुस्से में आकर उत्तम भारद्वाज ने सुपरवाइजर मधु राय को थप्पड़ मार दिया और उनके साथ गाली-गलौज की.

कर्मचारियों के विरोध के बावजूद अधिकारी ने 25 हजार रुपये लेकर ही दम लिया. इस घटना से दुकान के कर्मचारियों में आक्रोश है, और उन्होंने इसकी लिखित शिकायत आबकारी विभाग में दर्ज कराई है.

## रायपुर में रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता: भिलाई के दिल्ली पब्लिक स्कूल ने जीता प्रथम पुरस्कार

**रायपुर, 5 सितम्बर।** राजधानी में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य नियंत्रण समिति द्वारा राज्य स्तरीय रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवाओं के आयुक्त एवं परियोजना संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला के नेतृत्व और अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ. खेमराज सोनवानी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य और एचआईवी/एड्स के प्रति



जागरूकता बढ़ाना था.

**दो चरणों में हुई प्रतियोगिता :** रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता का प्रथम चरण राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 200 स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया. जिला स्तर पर चयनित आठ विजेता टीमों ने द्वितीय चरण में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया. यह आयोजन रायपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में हुआ, जहां प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.

## गढ़कलेवा का अनुबंध लेने कई महिला स्वसहायता समूह व रसूखदार सक्रिय

**रायपुर, 5 सितंबर।** छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के खान पान गढ़कलेवा का अनुबंध लेने के लिए इस समय रसूखदारों में होड़ मची हुई है जिसके चलते संस्कृति एवं राजभाषा को दुबारा टेंडर बुलाना प ड़ रहा है। यह गढ़कलेवा राजधानी के मध्य महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में स्थित है जिसके कारण इस समय इसका अनुबंध लेने के लिए कई महत्वाकांक्षी नेता एवं रखूदार एवं ठेकेदार ने अनुबंध लेने के लिए प्रयासरत है।

संस्कृति एवं राजभाषा विभाग के संचालक द्वारा जारी सूचना के अनुसार रूचि की अभिव्यक्ति के लिए महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर में गढ़कलेवा के अनुबंध हेतु प्रपत्र आमंत्रित किये गये है। यह प्रपत्र संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा विभाग के कार्यालय द्वितीय तल सेक्टर 7 नवा रायपुर अटल नगर में प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु विभाग के वेबसाइट में जानकारी उपलब्ध है। इच्छुक संस्था अथवा ठेकेदार को इसके लिए 500 नगद का प्रपत्र देना पड़ेगा। इस माध्यम से संस्था अथवा कोई भी खान पान संचालन करने वाला ठेकेदार इसे भर सकता है। राजधानी के मध्य स्थित गढ़कलेवा में चीला, फरा, ठेठरी, खुर्मी, सहित अनेक छत्तीसगढ़ी व्यंजन मिलते हैं। वहीं छग के पापरंपिक खाना कांस की थाली में दिया जाता है जो कि अब व्यावसायिक रूप से सफल रहा है।

### रायपुर गणेश-पंडाल में आइटम सॉन्ग पर बवाल, मूर्ति ढकी

# स्टेज की लाइट बंद करवाई, हिंदू-संगठनों ने भजन गाया, 4 घंटे प्रदर्शन, अब एफआईआर

**रायपुर, 5 सितम्बर।** रायपुर के लाखे नगर में स्थापित भगवान गणेश की ढ्ढ प्रतिमा को लेकर पंडाल के बाहर जमकर बवाल हुआ। सिंधी युवा एकता गणेश उत्सव समिति के पंडाल के पास राम भक्त सेना और हिंदू संगठन के लोगों प्रदर्शन किया। संगठन ने कहा कि जब तक प्रतिमा को विसर्जित नहीं करेंगे, हम प्रदर्शन करते रहेंगे।

लाखे नगर में सड़क को जाम कर दिया गया। दोनों ओर गाड़ियों की कतार लग गई। बवाल के बीच 12 थानों के थानेदार मौके पर मौजूद रहे। साथ ही बड़ी तादाद में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस और प्रशासन के समझाने पर मूर्ति को पर्दे से कवर किया गया। इस दौरान भीड़ को खदेड़ने हल्का बल प्रयोग किया गया। 4 घंटे तक हंगामे के बाद हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन खत्म किया।

हिंदू संगठनों का आरोप है कि पंडाल में देर रात फिल्मी और अशोभनीय गाने बजाए गए। शिकायत के बाद आजाद चौक पुलिस ने लाखे नगर गणेश समिति के सदस्यों के खिलाफ स्नद्धक्र दर्ज की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि समिति को पहले भी प्रतिमा के मूल स्वरूप में स्थापना करने के लिए कहा गया था, लेकिन भगवान के स्वरूप के साथ छेड़छाड़ की गई।





**स्टेज की लाइट बंद करवाई गई:** बवाल के बीच बजरंग दल के कार्यकर्ता ताली बजाकर भगवान हनुमान का भजन गाते रहे। स्टेज की लाइट बंद करवा दी गई थी। इस पूरे विवाद के बीच भी लगातार श्रद्धालु पहुंचते रहे। वे गणपति जी की फोटो क्लिक करते रहे। हिंदू संगठन बोले- प्रतिमा के मूल स्वरूप में स्थापना करने के लिए कहा गया था, लेकिन इसके बावजूद भगवान के स्वरूप के साथ छेड़छाड़ की गई।

### सनातन धर्म का अपमान हुआ : नीलकंठेश्वर महाराज

नील कंठेश्वर मंदिर के पुजारी नील कंठेश्वर महाराज ने कहा कि सनातन धर्म का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि हिंदू संगठन ने पहले ही ज्ञापन दिया था लेकिन बातों को नजर अंदाज किया गया।

### पंडाल में अश्लील गीतों के साथ डांस कार्यक्रम कराया गया : हिंदू संगठन

जगन्नाथ नगर निवासी खेमासागर हियाल (प्रवक्ता, राम भक्त सेना महानगर, रायपुर) ने इस संबंध में आजाद चौक थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया कि 4 सितंबर की सुबह लगभग 2:18 बजे समिति के पंडाल पर फिल्मी, अश्लील गीतों के साथ डांस कार्यक्रम कराया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि समिति को पहले भी प्रतिमा के मूल स्वरूप में स्थापना करने के लिए कहा गया था, लेकिन इसके बावजूद भगवान के स्वरूप के साथ छेड़छाड़ की गई।

### यतियतनलाल, वैष्णव दास महंत और महाराजा अग्रसेन सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायपुर, 5 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस पर विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले संस्थाओं एवं व्यक्तियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए विधिवत आवेदन मंगाये गये है। संस्कृत भाषा सामाजिक समरसता तथा सहकारिता क्षेत्र में काम करने वालों को यह पुरस्कार दिया जाएगा। सहकारिता विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार सहकारी सोसाइटी में उल्लेखनीय कार्य करने वाले संस्थाओं को ठाकुर प्यारेलाल सिंह सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए प्रवृष्ठियां आमंत्रित की गई है। यह पुरस्कार व्यक्ति अथवा सहकारी सोसाइटी को दिया जाएगा। दो लाख के साथ प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। व्यक्ति के लिए शर्ते रखी गई है जिसके लिए पांच वर्षों तक सहकारिता के विकास के लिए उत्कृष्ठ योगदान वाले व्यक्ति को यह पुरस्कार दिया जाएगा। सहकारी सोसाइटी के लिए तीन वर्ष तक लगातार लाभ अर्चित करने वाले सोसाइटी को दिया जाएगा। आयुक्त के अनुसार इन बिंदुओं के साथ आवश्यक प्रमाण पत्र की छायाप्रति देना जरूरी होगा।

### किसान यूरिया एवं डीएपी के लिए भटक रहे

# डीएपी-एनपीके का संकट गहराया मार्कफेड शीघ्र खरीदेगा उर्वरक

**रायपुर, 5 सितंबर।** राज्य में यूरिया तथा डीएपी खाद की कमी को दूर करने के लिए मार्कफेड ने ई निविदा टेंडर पुनः आमंत्रित किया है। जिसके चलते अब किसानों को यूरिया के संकट से नहीं जूझना पड़ेगा।

मार्कफेड द्वारा प्रतिवर्ष किसानों को 14 लाख टन से अधिक रसायनिक उर्वरक उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन इस वर्ष यूरिया की कमी होने के कारण तरल नैनों यूरिया प्रदान किया गया। यह 12 सौ से लेकर 13 सौ रुपये में लिक्विड रूप में मिलता है। किसानों को रोपाई एवं बियासी के पहले इसका उपयोग करना जरूरी होता है लेकिन यूक्रेन सहित अन्य स्थानों पर चल रहे युद्ध के कारण इसकी आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु रसायनिक उर्वरक के लिए एक ई टेंडर जारी किया गया है। जिसके तहत एनपीके 12, 32, 16, एनपीके 20, 20 13 दानेदार जिंक एसएसपी पाउडर क्रय किया जाएगा। इसके लिए मार्कफेड में आज से लेकर 4 अक्टूबर तक टेंडर आमंत्रित किये जा रहे हैं।

केंद्र सरकार द्वारा यूरिया का



**■ मार्कफेड ने वर्ष 25-26 के लिए जारी किया ई-टैंडर**

अतिरिक्त आबंटन कर दिया गया है जिसके कारण अब यूरिया की समस्या नहीं है लेकिन कांग्रेस के लोग इसको लेकर हो हल्ला मचा रहे हैं। मार्क फेड के उपप्रबंधक के अनुसार मार्कफेड के वेबसाइट में निविदा शर्तों का अवलोकन किया जा सकता है। टैंडर के लिए गाइड लाइन भी उपलब्ध है। राज्य में इस समय यूरिया के अलावा एनपीके का भी शार्टेज हो गया है। ज्ञात रहे डीएपी खाद का निर्माण इफको द्वारा किया जाता है। वहीं इसके लिए कच्चा माल विदेशों से आमंत्रित किये जाते हैं। पिछले दो वर्षों से यहां पर शार्टेज होने के कारण किसान परेशान है।

# जल जीवन मिशन : कार्य में लापरवाही पर दस ठेकेदार को किया ब्लैक लिस्टेड

### भार साधक मंत्री अरूण साव ने दोषियों पर की कार्रवाई

**रायपुर. 5 सितम्बर।** बस्तर जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही और धीमी प्रगति पर कलेक्टर तथा जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष श्री हरिस एस. ने सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने विगत 2 सितम्बर को हुई जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में कार्यों में लापरवाही पाए जाने और अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर दस ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। उन्होंने बैठक में कहा कि मिशन मोड में संचालित इस योजना के तहत सभी ठेकेदारों को अपने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई ठेकेदार या एजेंसी आगे भी लापरवाही बरतेगी या प्रगति में सुधार नहीं करेगी, तो उनके खिलाफऔर सख्त कदम उठाए जाएंगे, जिसमें ब्लैक लिस्ट करने के साथ ही वास्तविक प्रगति का मूल्यांकन और ठोस कार्रवाई शामिल होगी। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि जल जीवन मिशन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समीक्षा बैठक के दौरान यह पाया गया कि ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों ने नोटिस जारी करने के बावजूद कार्यों में कोई प्रगति नहीं दिखाई। इन ठेकेदारों को 16 गांवों के टेंडर सौंपे गए थे, लेकिन उन्होंने कार्य शुरू नहीं किया या अधर में छोड़ दिया। कार्यों में उदासीनता, समय पर काम पूर्ण नहीं करने और जल जीवन मिशन की भावना के विपरीत व्यवहार के कारण इन्हें ब्लैक लिस्ट किया गया। ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों में यादव कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, गणपति सेल्स जगदलपुर, व्हीआर कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, बीआर.इन्वायारा सॉल्यूशन भिलाई, बंशीलाल गंजीर भानपुरी, आरबी ड्रिलर्स केशकाल, छत्रपति कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, भारत इन्फ्रा केशकाल, किसान बोरवेल्स केशकाल एवं लखन सिंह रायपुर शामिल हैं। इन सभी की अमानत राशि भी राजसात की गई है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26